वर्ष : 17 अंक: 34 | आगरा | रविवार 18 मई 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



उत्तरप्रदेश,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 41 डिग्री
न्यूनतम 29 डिग्री

# मोहन भागवत बोले- जो दुस्साहस करेगा, उसे सबक सिखाएगा भारत

## दुनिया प्रेम और मंगल की भाषा तब ही सुनती है, जब आपके पास शक्ति हो

**जयपुर**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने शनिवार को कहा- भारत किसी से शत्रुता नहीं करता है, लेकिन कोई दुस्साहस करेगा तो उसे सबक सिखाने से भी पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने कहा- दुनिया प्रेम और मंगल की भाषा भी तब ही सुनती है, जब आपके पास शक्ति हो। यह दुनिया का स्वभाव है, इसको बदला नहीं जा सकता। इसलिए विश्व कल्याण के लिए हमें शक्ति संपन्न होने की आवश्यकता है। डॉ. भागवत जयपुर के सीकर रोड स्थित रविनाथ आश्रम में आयोजित रविनाथ महाराज की पुण्यतिथि के कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा- लोगों के मन में आ रहा होगा कि मैं रविदास आश्रम क्यों आया हूं। यह वाजिब भी है। लेकिन मैं रविदास जी का भक्त हूं, उन्हीं के कारण आश्रम में आया हूं।



### भागवत बोले- भारत का रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं

मोहन भागवत ने आश्रम में अपने संबोधन की शुरुआत %भारत का रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं% से की। उन्होंने भारत को विश्व का सबसे प्राचीन देश बताते हुए उसकी भूमिका बड़े भाई की बताई। उन्होंने कहा- भारत विश्व में शांति और सौहार्द के लिए काम कर रहा है। भारत सब क्षेत्रों में प्रगति करेगा। भारत किसी से शत्रुता नहीं करता है, लेकिन कोई दुस्साहस करेगा तो सबक सिखाने में भी पीछे नहीं हटता है। उन्होंने कहा- भारत जिन दूसरे राष्ट्र की मदद करता है, वो देश कभी-कभी विपरीत धाराओं में बहते हैं, फिर भी हम मदद करते हैं। क्योंकि हमारे मन में सहयोग का भाव रहता है। हम कई देशों के बड़े भाई हैं, लेकिन बड़ा भाई होने का घमंड नहीं करना है। बल्कि बड़े भाई का फर्ज निभाते हुए छोटों को सही नसीहत देनी है।

### दुर्बल कुछ नहीं कर सकता, दुनिया को शक्ति दिखानी होती है

भागवत ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किए बिना कहा कि दुर्बल कुछ नहीं कर सकता है। दुनिया को शक्ति दिखानी होती है। हम जिसका जैसा हित है, उससे वैसा व्यवहार करते हैं। कभी-कभी हमारे विपरीत भी हालात होते हैं, लेकिन हम फिर भी मदद करते हैं। हमारी ताकत विश्व ने देखी है। संघ प्रमुख ने कहा- भारत में त्याग की परंपरा रही है। भगवान श्रीराम से लेकर भामाशाह को हम पूजते और मानते हैं। विश्व कल्याण हमारा धर्म है। विशेषकर हिंदू धर्म का तो यह पक्का कर्तव्य है। यह हमारी ऋषि परंपरा रही है, जिसका निर्वहन संत समाज कर रहा है।

### बच्चों को संस्कार दो कि संतों के सानिध्य में जाओ

भागवत ने कहा- सारी दुनिया में सब एक है। सनातन काल से महात्मा सबको एक रहने का संदेश देते आए हैं। साधु-संत फुल चार्ज हैं, हम महात्माओं के पास से रिचार्ज होकर जाते हैं। संत जहां हैं, सब जाओ, बच्चों को संस्कार दो कि संतों के सानिध्य में जाओ।

# दिल्ली में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका: 15 पार्षदों ने किया बगावत



### इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी का गठन; मुकेश गोयल बने तीसरे मोर्चे के नेता

**नई दिल्ली** दिल्ली नगर निगम (MCD) में AAP के 15 नगर पार्षदों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इन्होंने इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी नाम से तीसरा मोर्चा बनाने की घोषणा भी कर दी है। मुकेश गोयल नए मोर्चे का नेतृत्व करेंगे।

इस्तीफा देने वाले अन्य पार्षदों में हेमचंद गोयल, हिमानी जैन, रुनाक्षी शर्मा, उषा शर्मा, अशोक पांडेय, राखी यादव, साहिब कुमार, राजेश कुमार लाडी, मनीषा, सुमन अनिल राणा, देविंदर कुमार और दिनेश भारद्वाज शामिल हैं। पार्षदों ने एक प्रेस रिलीज में लिखा, हम सभी पार्षद MCD में साल 2022 में AAP की टिकट से चुने गए थे। हालांकि, 2022 में चुनाव जीतने के बावजूद पार्टी का शीर्ष नेतृत्व MCD को ठीक से नहीं चला पाया।

बड़े नेताओं का पार्षदों से आपस में समन्वय न के बराबर रहा, जिसके कारण पार्टी विपक्ष में आ गई है। जनता से किए गए वादे को पूरा न कर पाने के कारण हम पार्षद पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं।

25 अप्रैल को भाजपा के राजा इकबाल सिंह मेयर बने थे दिल्ली में पिछले महीने 25 अप्रैल को मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए चुनाव हुए थे। AAP ने चुनाव का बहिष्कार किया था। भाजपा और कांग्रेस के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें भाजपा उम्मीदवार राजा इकबाल सिंह ने 133 वोटों के साथ मेयर पद पर जीत हासिल की। इसके अलावा भाजपा के पार्षद जय भगवान यादव डिप्टी मेयर चुने गए। कुल 142 वोट डाले गए थे। एक वोट अवैध घोषित कर दिया गया। कांग्रेस को महज 8 वोट मिले थे। चुनाव में भाजपा की जीत पहले ही तय थी क्योंकि उसके पास 117 और कांग्रेस के पास सिर्फ आठ पार्षद थे।

# तेजी से विस्तार ले रहे नगरीय क्षेत्रों का व्यवस्थित नियोजन जरूरी : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित मेट्रोपॉलिटिन एरिया गठन से संबंधित बैठक ली

**भोपाल**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में नगरीय क्षेत्रों का तेजी से विस्तार हो रहा है। जनसामान्य को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नगरीय क्षेत्रों के व्यवस्थित नियोजन को समय रहते सही दिशा देना जरूरी है। इंदौर-उज्जैन-देवास-धार और भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़) को मिलाकर प्रदेश में दो मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकसित किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों के नगरीय निकायों और विकास प्राधिकरणों के प्रबंधन को सशक्त करते हुए संस्थाओं की वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। प्रस्तावित क्षेत्रों में वर्तमान में पर्याप्त औद्योगिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। मेट्रोपॉलिटन के रूप में विकास से यहां निवेश और औद्योगिक विकास की प्रक्रिया तेज होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में प्रस्तावित मेट्रोपॉलिटिन एरिया गठन से संबंधित बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में आयोजित बैठक में राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव नागरीय विकास एवं आवास श्री संजय शुक्ला सहित अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रस्तावित मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों में परस्पर कनेक्टिविटी बढ़ाना आवश्यक है। इसके लिए बसाहटों, यातायात, सार्वनिक परिवहन, अधोसंरचना, जल आपूर्ति, सीवरेज, विद्युत आपूर्ति, और प्रकाश व्यवस्था आदि की समन्वित रूप से कार्ययोजना बना कर गतिविधियों का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इन वृहद क्षेत्रों की प्राकृतिक सुंदरता, कृषि योग्य भूमि के संरक्षण, वन प्रबंधन, जल ग्रहण और पर्यटन की संभावनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए संवेदनशीलता के साथ नीतियां निर्धारित की जाएं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की पंचायतों को आवश्यकतानुसार नगर परिषद के रूप में विकसित किया जाए। बैठक में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित महाराष्ट्र, हरियाणा, तेलंगाना, उत्तरप्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और तामिलनाडु में मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकास एवं प्रबंधन के लिए विद्यमान व्यवस्था पर भी चर्चा हुई।

### केदारनाथ में एयर एंबुलेंस हेलिकॉप्टर क्रैश, सभी यात्री सुरक्षित



**रुद्रप्रयाग** उत्तराखंड के केदारनाथ में शनिवार को एयर एंबुलेंस हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हेलिकॉप्टर में तीन लोग सवार थे- पायलट, डॉक्टर और नर्स। तीनों सुरक्षित हैं। बताया जा रहा कि हेलिकॉप्टर ऋषिकेश एम्स से मरीज लेने केदारनाथ आ रहा था। लैंडिंग से वक्त अचानक बेकाबू होकर जमीन पर गिर गया। हादसा हेलिकॉप्टर का टेल बान टूटने से हुआ। एम्स के PRO संदीप कुमार ने बताया- संजीवनी एयर एंबुलेंस हेलिकॉप्टर एक मरीज को लेने के लिए केदारनाथ गया था। मरीज को एयर एंबुलेंस से रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया जाना था, लेकिन हेलीपैड से कुछ दूर पहले ही हेलिकॉप्टर में कोई दिक्कत आने की वजह से उसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

# उत्तरी कश्मीर में कई जगह पुलिस के छापे; पाकिस्तानी पीएम ने माना-नूर खान एयरबेस पर हमला हुआ

**श्रीनगर/इस्लामाबाद**



जम्मू-कश्मीर पुलिस की स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (स्ङ्ग) सेंट्रल और नॉर्थ कश्मीर के सोपोर, बारामुला, हंदवाड़ा, गांदरबल और श्रीनगर समेत कई इलाकों में छापेमारी कर रही है। यह कार्रवाई आतंक से जुड़े मामलों की जांच के सिलसिले में की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार देर रात एजेंसी को संदिग्ध आतंकी मूवमेंट की जानकारी मिली थी, जिसके बाद यह कार्रवाई शुरू की गई। वहीं, सांबा जिले के एक गांव में टेरर एक्टिविटी दिखने के बाद सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। इधर, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नूर खान एयरबेस पर भारतीय हमले की बात कुबूल कर ली है। उन्होंने कहा कि 10 मई की रात करीब 2:30 बजे जनरल आसिम मुनीर ने उन्हें सेफ लाइन पर फोन कर बताया कि भारत की बैलिस्टिक मिसाइलों ने नूर खान एयरबेस और कुछ अन्य इलाकों को निशाना बनाया है। शरीफ ने शुक्रवार रात दावा किया कि पाकिस्तान की वायुसेना ने देसी तकनीक और आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कर देश को बचाया। चीन से मिले जेट्स का भी इस्तेमाल किया गया।

राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाने के बारे में पाकिस्तान को पहले जानकारी देना अपराध है। राहुल ने कहा, %हमारे हमले की शुरुआत में पाकिस्तान को सूचित करना एक अपराध था। विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भारत सरकार ने ऐसा किया।

# दिल्ली- NCR में 50 kmph की रफ्तार से चली हवा, बारिश हुई

### अशोक नगर मेट्रो स्टेशन का शेड उड़ा; स्ब्कके 21 जिलों में भी आंधी-बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली** मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को देश के 24 राज्यों में आंधी-बारिश और तूफान का अलर्ट जारी किया गया था। इसका असर राजधानी दिल्ली में नजर आया। जहां शनिवार दोपहर कई इलाकों में जोरदार बारिश हुई। 50 ग्द्बद्धश्चद्ध की रफ्तार से हवाएं चलीं। जिसके कारण अशोक नगर मेट्रो स्टेशन का शेड उखड़ गया। मौसम विभाग के अनुसार दोपहर 3 बजे तक शहर में लगभग 1 मिमी बारिश दर्ज की गई। दिल्ली-हृष्टक्र के महारानी बाग, मयूर विहार, गाजियाबाद और नोएडा में बारिश के कारण गर्मी से राहत मिली।




इधर, उत्तर प्रदेश के नोएडा में तेज हवाओं के कारण पेड़ उखड़ गए। जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में हीट वेव का भी अलर्ट है। बिहार-ओडिशा में भी उमस रह सकती है।

ओडिशा में बारिश और तेज गर्मी का कहर है। शुक्रवार को बिजली की चपेट में आने से 6 महिलाओं समेत 9 लोगों की मौत हुई। इनमें से ज्यादातर लोग खुले मैदान में थे। राजस्थान में भी तेज गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार, 3-4 और ऐसी ही गर्मी रहेगी। जोधपुर-बीकानेर संभाग में धूलभरी आंधी भी चल सकती है।

# CJI गवई बोले- जज जमीनी हकीकत नजरअंदाज नहीं कर सकते

### बार काउंसिल के इवेंट में कहा- न्यायपालिका का लोगों से दूरी बनाए रखना असरदार नहीं



**नई दिल्ली** सुप्रीम कोर्ट के नव-नियुक्त CJI बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि जज जमीनी हकीकत को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। वे बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के सम्मान समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान CJI गवई ने सामाजिक वास्तविकताओं को समझने और उनका जवाब देने में जजों की भूमिका पर जोर दिया। CJI गवई ने कहा कि आज की न्यायपालिका मानवीय अनुभवों की जटिलताओं को नजरअंदाज करते हुए कानूनी मामलों को सख्त काले और सफेद शब्दों में देखने का जोखिम नहीं उठा सकती। सीजेआई ने इस बात पर जोर दिया कि न्यायपालिका में लोगों से दूरी रखना असरदार नहीं है। उन्होंने इस धारणा को खारिज कर दिया कि सुप्रीम कोर्ट के जजों को लोगों से जुड़ने से बचना चाहिए।

# कारगिल में शहीद मनीष कुमार पंचतत्व में विलीन:नवादा में अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़

## तिरंगा लिए भारत माता की जय के नारे लग

**नवादा**

कारगिल में ड्यूटी के दौरान शहीद मनीष कुमार (22) शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। नवादा में उनके पैतृक गांव पांडेय गंगौट में ही राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। दोपहर करीब 1 बजे मनीष का शव घर पहुंचा था। यहां अंतिम दर्शन के बाद पार्थिव देह श्मशान घाट लाई गई। इससे पहले जब पार्थिव शरीर नवादा पुलिस लाइन से घर लाया जा रहा था तब गाड़ी के पीछे 2KM लंबी बाइक रैली चलती रही। हजारों की संख्या में लोग हाथों में




तिरंगा लिए भारत माता की जय के नारे लगाते रहे। शहीद को जिस रास्ते से लाया गया, वहां जगह-जगह पर लोग तिरंगा लेकर श्रद्धांजलि देने के लिए खड़े रहे।

### ड्यूटी के दौरान गिरे, इलाज के दौरान मौत

मनीष कुमार कारगिल में ऑपरेशन रक्षक में बतौर नर्सिंग स्टाफ तैनात थे। नवादा ष्ठरू ने बताया कि ड्यूटी के दौरान 14 मई की सुबह अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और वे गिर गए। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सेना ने 15 मई को मनीष के शहीद होने की जानकारी उनके घरवालों को दी थी। सेना ने मनीष को शहीद का दर्जा दिया है।

## विधायक कोल एवं छर्रा ने कृष्णांजलि में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं का कराया निस्तारण

### अधिकारीगण सम्पूर्ण समाधान, आईजीआरएस, मुख्यमंत्री संदर्भ एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त जनशिकायतों का समयबद्धता से गुणवत्तापरक निस्तारण कराएं सुनिश्चित



**अलीगढ़।** आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण के लिए शासन की प्राथमिकता में शामिल सम्पूर्ण समाधान दिवस की सार्थकता सिद्ध करने के लिए मा0 विधायक कोल श्री अनिल पाराशर एवं मा0 विधायक छर्रा ठा0 रवेन्द्रपाल सिंह द्वारा कृष्णांजलि में आयोजित कोल तहसील के सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं का निराकरण कराया। विधायकगणों ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं के निस्तारण के प्रति संवेदनशील है। मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा विभिन्न स्तरों से प्राप्त शिकायतों की स्वयं मॉनिटरिंग की जाती है, ऐसे में अधिकारीगण सम्पूर्ण समाधान, आईजीआरएस, मुख्यमंत्री संदर्भ एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त जनशिकायतों का समयबद्धता से गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि जिलास्तर पर प्राप्त शिकायतों में से अधिकांश शिकायतों का निस्तारण अधिकारी, ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर ही हो सकता है, परन्तु जनशिकायतों को गंभीरता से न लेने के कारण फरियादियों को जिला मुख्यालय के चक्कर काटने पड़ते हैं, यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोल सम्पूर्ण समाधान दिवस में धनीपुर के अशोक कुमार ने ऊसर भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किये जाने की शिकायत दर्ज कराई पर राजस्व निरीक्षक एवं एसएचओ अकराबाद को संयुक्त रूप से टीम गठित कर स्थलीय निरीक्षण के उपरांत समस्या निस्तारण के निर्देश दिए गय। गोपालपुर परगना मोरथल निवासी सत्यवती देवी ने पडौसी द्वारा उसके प्लॉट पर कब्जा करने की शिकायत दर्ज की जिस पर तहसीलदार को निरिक्षणोपरान्त नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सम्पूर्ण समाधान दिवस में आवास, पेंशन, बेरोजगार प्रमाण पत्र, चकरोड की पैमाइश समेत अन्य शिकायतें प्राप्त हुई जिस पर विधायकगणों द्वारा संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत नियमानुसार कार्यवाही करते हुए समयबद्धता से निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसडीएम कोल दिग्विजय सिंह, तहसीलदार अवनीश कुमार, नायब तहसीलदार वीरेन्द्र कुमार, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी समेत अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर रन फॉर हैल्थ एवं वाकथान का हुआ आयोजन




**अलीगढ़।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्टेडियम में प्रातः 05:30 बजे मुख्य अतिथि आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ संगीता सिंह की अध्यक्षता में रन फ़ॉर हेल्थ (त्नद वित भ्मंसजी) कार्यक्रम एवं वॉकथान का अयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी संजीव रंजन, अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अलीगढ़ मण्डल डा0 राजेश कटियार द्वारा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया। आयोजन में मौजूद मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथिगण के द्वारा प्रतिभागी समस्त जनमानस को हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप) के बारे में विस्तृत रूप से जागरूक करते हुए और हाई ब्लड प्रेशर के बचाव व उपचार के बारे में अवगत कराया गया। सभी से नियमों का पालन करते हुए जीवनचर्या को बेहतर व स्वास्थ्यपूर्ण बनाये रखने की अपील भी की गयी। रन फ़ॉर हेल्थ कार्यक्रम के अंतर्गत 400 मीटर रेस का आयोजन किया गया जिसमें महिला व पुरूष वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि मंडलायुक्त द्वारा मेडल पहना कर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने संतुलित भोजन ग्रहण करने, तनाव से मुक्त रहने, खेल-कूद को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया, जिससे कि गैर संचारी रोगों से बचा जा सके। डा0 राजेन्द्र वार्ष्णेय चिकित्साधिकारी (कन्सल्टेन्ट) के द्वारा आम जनमानस को उच्च रक्तचाप के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराते हुये हाई ब्लड प्रेशर के बचाव व उपचार बताये गये बिन्दुओं का पालन करते हुये स्वस्थ्य जीवनशैली बनाये रखने के लिए आह्वान किया गया। डा0 नीरज त्यागी मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि नियमित स्वास्थ्य जाँचें और स्वास्थ्य जीवनशैली अपनाने से गैर संचारी रोगों को नियंत्रित व प्रबंधित किया जा सकता है। साथ ही खराब जीवनशैली गैर संचारी रोगों को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण कारण है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने जिला कारागार में लगाया विधिक साक्षरता शिविर

### जिला कारागार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम कुमार के निर्देशानुसार जिला कारागार में निरूद्ध विचाराधीन, दोषसिद्ध बन्दियों के मध्य विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिला कारागार की महिला बैरक का निरीक्षण अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव नितिन श्रीवास्तव द्वारा किया गया। विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर में उपस्थित जेलर कमलेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि जिला कारागार में दीवानी न्यायालय अलीगढ के कुल 1777 बन्दी निरूद्ध है। जिसमें से विचाराधीन बन्दियों की संख्या 1193, सिद्धदोष बन्दियों की संख्या 575, रोपकारबन्दियों की संख्या 02 व विदेशी बन्दियों की संख्या 07 है। विधिक साक्षरता शिविर में जिला कारागार के विभिन्न बैरकों में निरूद्ध दोषसिद्ध, विचाराधीन बन्दियों को अवगत कराया गया कि जिन विचाराधीन बन्दियों की जमानत आज से पूर्व न्यायालय द्वारा की जा चुकी है किन्तु जमानत बन्ध पत्र दाखिल न होने के कारण उनकी रिहाई अभी तक नही हो पायी है, वह अतिशीध्र न्यायालय में जमानत बन्ध पत्र दाखिल कराये। यदि जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नही है, अर्थात खेत बाडी नहीं है, आर्थिक संसाधन नहीं है, मजदूरी, खेतों में दिहाडी पर काम करना, छोटी-मोटी दुकान इत्यादि है वे इस सन्दर्भ में कारागार में नियुक्त पीएलवी अथवा जिला कारागार में नियमित दौरे पर जाने वाले लीगल एड डिफेंस काउन्सिल के द्वारा एक प्रार्थना पत्र सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलीगढ़ के नाम प्रेषित करायें। तत्पश्चात विचाराधीन बन्दी के प्रार्थना पत्र पर आवश्यक कार्यवाही कर विचाराधीन बन्दी की जमानत की शर्तो को शिथिल कराने का प्रयास किया जायेगा। सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि आप अपने-अपने बैरकों में निरूद्ध अन्य दोषसिद्ध, विचाराधीन बन्दियों को जमानत के उपरान्त रिहाई के सम्बन्ध में जो सूचनायें उपलब्ध करायी गयी है उसके बारे मे अवगत कराये ताकि वे भी लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि यदि आप लोगों के बैरकों में कोई ऐसा बन्दी निरूद्ध हो, जिसके पास अधिवकता न हो, तो उसे उसके वाद की पैरवी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जायेगा। जो निजी अधिवक्ता की भांति ही विचाराधीन बन्दियों के प्रकरण मे उनकी पैरवी करेगा। साक्षरता शिविर में उपस्थित 07 पुरूष बन्दियों द्वारा निःशुल्क सरकारी अधिवक्ता उपलब्ध कराने के लिऐ कहा गया। इस पर सचिव द्वारा जेल पराविधिक स्वयं सेवक एवं उपस्थिति असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउन्सिल को आदेशित किया गया कि वह उक्त बन्दियों से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने के बावत प्रार्थना पत्र लेकर उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित करायें ताकि उस पर नियमानुसार कार्यवाही की जा सके। विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर में उपस्थित 08 विचाराधीन बन्दियों द्वारा आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण जमानती दाखिल करने में असमर्थ है, के सम्बन्ध में निवेदन किया गया। इस पर शिविर में उपस्थित असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउन्सिल कृष्ण कुमार को निर्देशित किया गया कि वे उक्त विचाराधीन बन्दियों के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही कर कृत कार्यवाही से सचिव को अवगत करायें। विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार में निरूद्ध रोपकार बन्दी को बुलाकर पूछताछ की गयी तो उक्त बन्दी द्वारा अवगत कराया गया कि अलीगढ में उसका कोई नहीं है उसका लडका हरियाणा में रहता है बन्दी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उसके लडके की उसे कोई जानकारी नहीं है। इस पर सचिव द्वारा उक्त रोपकार बन्दी से कहा गया कि आप माननीय उच्च न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल कराने के लिए एक प्रार्थना पत्र सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित करायें ताकि आपके उक्त प्रार्थना पत्र माननीय उच्च न्यायालय लीगल एड सिर्विस कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके। विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर के सम्पन्न होने के उपरान्त सचिव द्वारा महिला बैरक का गहनता से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेलर कमलेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि जिला कारागार में दीवानी न्यायालय अलीगढ की 68 महिला बन्दी, महिला बैरक में निरूद्ध है एवं महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों की संख्या 06 है। सचिव द्वारा उपस्थित महिला बन्दियों से पूछा गया कि उनके बच्चों को भोजन के रूप में जिला कारागार द्वारा क्या-क्या चीज उपलब्ध करायी जाती है इस पर वहॉ पर उपस्थित एक शिशु की माता (महिला बन्दी) द्वारा अवगत कराया गया कि जिला कारागार में 06 शिशुओं में से प्रत्येक शिशु को आधा लीटर दूध का एक पैकेट, 01 केला, बिस्कुट एवं भोजन दिया जाता है। उक्त महिला बन्दी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उसे भी आधा लीटर का एक पैकेट दूध का दिया जाता है। वहॉ पर उपस्थित महिला बन्दियों से पूछा गया कि यदि किसी महिला की जमानत हो चुकी है किन्तु उसकी रिहाई नहीं हुयी है तो वे अवगत कराये। उसकी रिहाई के सम्बन्ध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलीगढ़ की तरफ से नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। यदि किसी महिला बन्दी के वाद की पैरवी के लिए कोई निजी अधिवक्ता नहीं है तो उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल उपलब्ध कराया जायेगा। वहॉ पर उपस्थित किसी महिला बन्दी ने उक्त के बावत कोई जानकारी साक्षा नहीं की। प्रशासनिक आधार पर जिला अलीगढ़ की महिला बैरक में निरूद्ध एक महिला बन्दी द्वारा अवगत कराया गया कि वह एक सजायाफता महिला बन्दी है न्यायालय द्वारा उसके ऊपर 65000 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया है जिसको भरने में वह अक्षम है इस बावत आप मेरी मदद करें। सचिव द्वारा उक्त महिला बन्दी को आश्वासन दिया गया कि आप द्वारा निर्गत की गयी उक्त बातों की सूचना प्रार्थना पत्र के माध्यम से सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा को दी जायेगी ताकि वह आपके प्रार्थना पत्र पर आवश्यक कार्यवाही कर सके। विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर एवं कारागार निरीक्षण के समय डिप्टी जेलर राजकुमार, चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल जगदीश सारस्वत, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल इन्द्रजीत सिंह चड्ढा, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउन्सिल कृष्ण कुमार व श्रीमती पूजा सैनी एवं एडीआर सेन्टर में कार्यरत कनिष्ठ लिपिक मनोज कुमार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यरत डाटा एन्ट्री ऑपरेटर राहुल कुमार व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अरूणी सिंह उपस्थित रहे।

## आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल की मण्डलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी संपन्न

### कृषि राज्य मंत्री श्री बलदेव सिंह औलख ने गोष्ठी एवं कृषि प्रदर्शनी का किया शुभारंभ, मंत्री जी एवं अधिकारीगणों ने शासकीय योजनाओं से चयनित किसानों को किया लाभान्वित, प्रमुख सचिव कृषि एवं कृषि निदेशक ने किसानों की समस्याओं एवं सुझावों का बेवाकी से दिया जवाब



**अलीगढ़।** कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में शनिवार को आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल की मण्डलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। मा0 कृषि राज्य मंत्री श्री बलदेव सिंह औलख द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में कृषि उत्पादकता गोष्ठी का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। प्रमुख सचिव कृषि रवीन्द्र की अध्यक्षता में मण्डलीय खरीफ गोष्ठी में दोनों मंडलों के अंतर्गत आने वाले जिलों के कृषि व सम्बद्ध विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण, कृषि वैज्ञानिकों एवं प्रगतिशील कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इससे पूर्व मा0 मंत्री जी एवं अधिकारियों द्वारा कृषि से संबंधित विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन करने के उपरांत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से चयनित किसानों को लाभान्वित किया गया। कृषि राज्यमंत्री कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग श्री बलदेव सिंह औलख ने मुख्य अतिथि के रूप मण्डलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि देश एवं प्रदेश में 2014 व 2017 के बाद किसान हित में क्रांति की तरह कार्य हुए हैं। किसानों को मुफ्त बिजली, कृषि यंत्र, उपकरण, उन्नत प्रजाति के बीज, सोलर पंप एवं उर्वरकों पर सब्सिडी प्रदान की जा रही है। किसानों की आय दोगुनी हो इसके लिए वैज्ञानिक पद्धति से खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। हरियाणा, करनाल, पूसा से उन्नतशील बीज मंगाकर किसानों को वितरित किए जा रहे हैं। केंद्र एवं प्रदेश सरकार में किसानों का एजेंडा सर्वोपरि है। सरकार चाहती है कि किसान बिजली की तरफ नहीं सोलर की तरफ भागें, सरकार के पास पर्याप्त मात्रा में सब्सिडीयुक्त सोलर पंप उपलब्ध हैं। मंत्री जी ने कहा कि गोष्ठी में किसानों द्वारा जो सुझाव दिए गए हैं, उनको प्रदेश स्तर पर रखा जाएगा। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए नहरों में टेल तक पानी और रोस्टर के अनुरूप निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। प्रमुख सचिव कृषि रवीन्द्र ने अपने संबोधन में कहा कि बदलते परिवेश में खेती का तरीका बदलता पड़ेगा।

आज किसानों के पास अवसर है कि वह सोलर पंप योजना का लाभ उठाएं। मेहनत के साथ तकनीक का प्रयोग करेंगे तो अवश्य ही खुशहाली आएगी। भूमिगत जल निरंतर नीचे जा रहा है, सिंचाई के नवीन साधन अपनाएं। अधिक उत्पादन पर होने वाले नुकसान से बचने के लिए प्रोसेसिंग पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने यूरिया, डीएपी एवं एनपीके के विकल्प के तौर पर नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग पर भी बल दिया। उन्होंने बताया कि यह कृषि विभाग का 150 वां वर्ष है और इसे बीज वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। आयुक्त, आगरा मण्डल, आगरा शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि मण्डल में खरीफ 2025 के लिए 626685 हैक्टेयर में फसलों की बुवाई का लक्ष्य रखा गया है जो गत वर्ष से 42567 हैक्टेयर अधिक है। धान की उत्पादकता का लक्ष्य 31.57 कुंतल प्रति हैक्टेयर रखा गया है। मण्डल में 46557.54 कुंतल लक्ष्य के सापेक्ष 47317.72 कुंतल बीज उपलब्ध है। वर्तमान में आवश्यकता से अधिक उर्वरक उपलब्ध है एवं मांग के अनुरूप उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाएगी। विगत वर्ष में 254 सोलर पंप स्थापित किए गए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में खरीफ 2024 में 25262 कृषकों के स्वीकृत दावों के सापेक्ष 21.741 करोड़ रूपये की क्षतिपूर्ति प्रदान की गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में 19 किश्तों में 3946.187 करोड़ की धनराशि 1509360 कृषकों को प्राप्त हो चुकी है। विगत वर्ष 331 एफपीओ का गठन किया गया जो मिलेट्स उत्पाद, सीड प्रोसेसिंग, बीज उत्पादन एवं डेयरी क्षेत्र में प्रारम्भिक गतिविधियां कर रहे हैं। तीन बीज विधायन संयंत्र भी स्थापित किए गए हैं। उन्होंने आगरा मण्डल की प्रमुख समस्याओं के बारे में मा0 मंत्री जी ध्यानाकर्षण कराते हुए कहा कि मण्डल में मिलेट्स से संबंधित प्रशिक्षण केंद्र न होने के कारण कृषकों को समुचित प्रशिक्षण दिया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। मैनपुरी में कृषि विज्ञान केंद्र अवशेष धनराशि मुक्त न होने के कारण अधूरा पड़ा है, जिससे प्रशिक्षण एवं शोध कार्य प्रभावित हो रहा है। मण्डल में अक्टूबर माह में आलू की बुवाई होने के चलते रबी सीजन में आवंटित डीएपी की लगभग 70 प्रतिशत आपूर्ति सितंबर माह तक किया जाना आवश्यक है। मथुरा जिले के 06 विकासखण्डों में खारे एवं तैलीय पानी की समस्या के कारण गहरे नलकूपों का निर्माण, मत्स्य पालकों को कृषि का दर्जा देते हुए विद्युत कनेक्शन दिए जाने, किसानों की मांग पर सोलर फेंसिंग लगाए जाने, फिरोजाबाद में शिमला मिर्च को फसल बीमा में अधिसूचित किए जाने एवं आलू उत्पादकों के हितार्थ, पुटैटो ग्रेडर मशीनरी को कृषि विभाग के फार्म मैकेनाइजेशन योजना में सम्मिलित किए जाने का सुझाव दिया। आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ संगीता सिंह ने बताया कि मण्डल में खरीफ फसलों के लिए 764153 हैक्टेयर आच्छादन लक्ष्य है, जिसमें धान 348753 हैक्टेयर, बाजरा 258371 हैक्टेयर, मक्का 123289 हैक्टेयर एवं अरहर 15970 हैक्टेयर क्षेत्रफल निर्धारित किया गया है, वहीं 17770 हैक्टेयर में अन्य फसलें सम्मिलित हैं। इस वर्ष खरीफ में कुल उत्पादन लक्ष्य 22.56 लाख मीट्रिक टन प्रस्तावित है।

अलीगढ़ मण्डल की प्रमुख समस्याओं एवं सुझावों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जिला हाथरस एवं कासगंज में जिला सहकारी बैंक की स्थापना किसान हित में है। हाथरस में उर्वरक आपूर्ति के लिए रैक प्वाइंट बनाया जाए।

एटा के जलेसर एवं सकीट में खारे पानी की समस्या के चलते उत्पादन प्रभावित होता है, यहां नहरों से सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी एवं अतिरिक्त नहरों का विकास किया जाना आवश्यक है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना संख्याः 2025- मई -04 दिनांक 15.05.2025

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिये ''खुली निविदा'' ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं: | निविदा सं. | अनुमानित लागत ₹ |
|---|---|---|
| 1 | 2025-मई-04-01 | ₹ 256825408.89 |
| कार्य का विवरणः मथुरा-पलवल खंड में सीआरओ / अतिक्रमण को रोकने के लिए रेलवे ट्रैक के सहारे आरसीसी बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य (आरसीसी प्रीकास्ट बाउंड्री वॉल)। | | |
| 2 | 2025-मई-04-02 | ₹ 65139788.02 |
| कार्य का विवरणः मथुरा - पलवल खंड में सीआरओ / अतिक्रमण को रोकने के लिए रेलवे ट्रैक के सहारे मौजूदा कास्ट इन-सीटू आरसीसी बाउंड्री वॉल को ऊंचा करने का कार्य। | | |
| 3 | 2025-मई-04-03 | ₹ 29033218.75 |
| कार्य का विवरणः मथुरा-पलवल खंड में सीआरओ / अतिक्रमण को रोकने के लिए रेलवे ट्रैक के सहारे स्टील वर्क द्वारा मौजूदा बाउंड्री वॉल को ऊंचा करने का कार्य। | | |

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की बेवसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदायें केवल बेवपोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक 04.06.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 843/25(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल विद्युत अभियन्ता (क0वि0), उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा खुली निविदा निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या : AGCTRDT202508 | कार्य पूर्ण करने की अवधि : 12 माह |
| अनुमानित लागत : ₹ 1,99,73, 664.78/- | धरोहर राशि : ₹ 2,49,900/- |

कार्य का नामः "आगरा मंडल में यात्री एस्केलेटर और एफओबी के प्रावधान" के कारण ओएचई में संशोधन।

1. निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर देखा व भरा जा सकते हैं।
2. निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर दि. 09.06.2025 को 15.30 बजे तक भरा जा सकता है। 851/25(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

ई-निविदा सूचना सं0 2025-मई-02 दिनांक 14.05.2025

**मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल, आगरा** द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली निविदा" ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

**कार्य का विवरणः** सहायक मंडल इंजी.(मुख्या.)/आगरा छावनी के अधीन यमुना ब्रिज-टूण्डला खंड के विभिन्न यार्डों में टी.आर.आर (एस), टी.टी.आर जैसे यार्ड सुधार कार्य।

निविदा सं.: 2025-मई-02-01 — अनुमानित लागतः ₹ 7469858.70

**कार्य का विवरणः** सहायक मंडल इंजी.(मुख्या.)/आगरा छावनी के अधीन आगरा कैंट-बिल्लोचपुरा खंड के विभिन्न यार्डों में सी.टी.आर.एस (एस.), टी.एस.आर (एस), टी.आर.आर (एस), टी.बी.आर, टी.टी.आर और टी.एफ.आर जैसे यार्ड सुधार कार्य।

निविदा सं.: 2025-मई-02-02 — अनुमानित लागतः ₹ 16649242.42

**कार्य का विवरणः** सहायक मंडल इंजी.(मुख्या.)/आगरा छावनी के अधीन यमुना ब्रिज-बयाना खंड के विभिन्न यार्डों में टी.आर.आर (एस), टी.टी.आर, टी.एस.आर (एस), टी.बी.आर और टी.एफ.आर जैसे यार्ड सुधार कार्य।

निविदा सं.: 2025-मई-02-03 — अनुमानित लागतः ₹ 12306901.39

**कार्य का विवरणः** सहायक मंडल इंजी.(लाइन)/आगरा (14 यार्ड) के अंतर्गत ईदगाह-बाँदीकुई खंड में विभिन्न यार्ड सुधार कार्य।

निविदा सं.: 2025-मई-02-04 — अनुमानित लागतः ₹ 6269874.25

**कार्य का विवरणः** मथुरा-पलवल खंड में 25.305 कि.मी. टी.आर.आर(पी) का कार्य।

निविदा सं.: 2025-मई-02-05 — अनुमानित लागतः ₹ 9465450.22

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदायें केवल वेबपोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक 03.06.2025 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 840/25 FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा संख्या : AGC-EL-C-T-08R-2024-25 दिनांक : 15.05.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य बिजली अभियंता/नि0-/उ0म0रे0/आगरा द्वारा निर्धारित फार्म पर निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदा ओन लाइन इ-टेन्डरिंग द्वारा आमंत्रित करते है।

**कार्य का नाम लोकेशन सहित :** उत्तर मध्य रेलवे के आगरा डिवीजन के अंतर्गत जमुना ब्रिज यार्ड में ट्रामवे प्रकार ओएचई को पारंपरिक ओएचई में परिवर्तित करने के कारण ओएचई में संशोधन।

**कार्य का अनुमानित लागत :** रू. 46,63,408.51/- | **निविदा धरोहर राशि :** 93,300/-

**कार्य समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र के जारी होने से 04 माह तक मानसून अवधि सहित

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 06.06.2025 के 15:00 बजे तक

**वैधता अवधि :** निविदा खोलने की तिथि से 60 दिन

निविदाएं केवल वेब पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक 06.06.2025 के 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है। पूरी जानकारी के लिए कृपया भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 842/25(AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना संख्याः ई.एल.जी.-03-M05-2025-26 दिनांकः 15.05.2025

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाईन (E-Tendering) द्वारा खुली निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| टेन्डर संख्या | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|
| ELG-03-M05-2025-26 | Rs. 5268556.74 |

**कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधिः** आगरा मंडल में सुविधाओं के उन्नयन के साथ बिल्लोचपुरा स्टेशन के विकास के संबंध में विद्युतीकरण कार्य। **कार्य पूरा करने की अवधिः** 08 माह

पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग लेने हेतु Indian Railways website www.ireps.gov.in देखें। टेंडर्स केवल वेब पोर्टल Indlan Rallways webslte www.lreps.gov.ln पर 15:00 बजे तक दिनांक 13.06.2025 तक टेन्डर डाल सकते हैं। 849/25 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR


## मानसिक मंदित निराश्रित दिव्यांजनों लिए कार्यरत संस्थाएं आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्र के संचालन के लिए 30 जून तक करें आवेदन

**अलीगढ़।** अमित कुमार राय उपनिदेशक ने बताया है कि उत्तर प्रदेश में मानसिक मंदित और मानसिक रूप से रुग्ण निराश्रित दिव्यांजनों के लिए आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों के संचालन के लिए स्वैच्छिक संगठनों को सहायता प्रदान किये जाने के लिए संशोधित दिशा-निर्देश जारी किये गये है। उन्होंने बताया कि निशक्त व्यक्ति (समान अवसर अधिकारी का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी अधिनियम)1995 एवं दिव्यागजन अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत प्रदेश के स्वैच्छिक संगठन जो मानसिक मन्दिता के क्षेत्र में अनुभव और उक्त योजना के लिए पात्रता रखते हों, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की वेबसाईट से योजना से सम्बन्धित दिशा-निर्देश व आवेदन पत्र का प्रारुप प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया है कि इच्छुक स्वैच्छिक संस्थाओं से मानसिक मंदित एवं मानसिक रुप से रुग्ण निराश्रित दिव्यांगजन के लिए आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्र के संचालन के लिए सहायता योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुदान प्रस्ताव विलम्बतम 30 जून 2025 तक जिला अधिकारी के कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। जिला दिव्यांग सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा अनुदान प्रस्ताव जिलाधिकारी की संस्तुति सहित 31 जुलाई 2025 तक निदेशालय को प्रेषित किया जावेगा।

## निःशुल्क अभ्युदय कोचिंग के लिए छात्र-छात्राएं 30 मई तक करें ऑनलाइन आवेदन

### पूर्व में अंतिम तिथि 10 मई थी जिसे बढाकर 30 मई कर दिया गया है

**अलीगढ़।** समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत निःशुल्क कोचिंग एसएमबी इण्टर कालेज में सचालित है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नये बैच का प्रारम्भ किया जा रहा है। निःशुल्क कोचिंग द्वारा जिले में मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे- यूपीएससी, यूपीपीएससी, एसएससी, नीट, जेईई की प्रवेश परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी के लिए गुणवत्ता पूर्ण कोचिंग प्रदान की जा रही है। जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए छात्र-छात्राओं का चयन प्रवेश परीक्षा, मेरिट एवं काउन्सलिंग द्वारा किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत निःशुल्क कोचिंग में प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र-छात्राऐं ऑनलाइन आवेदन ( Abhyuday.one पोर्टल के माध्यम से) कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात् आवेदन की छायाप्रति सहित सभी आवश्यक संलग्नकों सहित मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग एसएमबी इण्टर कालेज में जमा करना सुनिश्चित करें। छात्र-छात्राएं ऑफलाईन आवेदन प्रपत्र केन्द्र से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 मई निर्धारित की गयी है। ये तिथि पूर्व में 10 मई निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर 30 मई कर दिया गया है।


**आवश्यकता है**

**कैप्टन श्री गंगा सिंह यादव महिला महाविद्यालय घमुर्रा मैनपुरी**

1. प्राचार्या पद-1, 2. बीए-हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, राजनीति विज्ञान, गृहविज्ञापन एक-एक पद। 3. बीएससी- जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित एक-एक पद।

योग्यता एवं वेतनमान-UGC के मानकानुसार।

योग्य अभ्यर्थी महाविद्यालय के पते पर 15 दिनों के अन्दर शीघ्र संपर्क करें। मो. 9720400111

# तूफान का तांडवः 200 साल पुराना पेड़ दुकानों पर गिरा, सैकड़ों पेड़ उखड़े, बिजली के खंभे टूटे, ट्रेनों के चक्का जाम

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** शनिवार दोपहर आए तेज आंधी-तूफान के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि ने फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में भारी तबाही मचाई है। इस अंधड़ के चलते दर्जनों स्थानों पर पेड़ टूट गए, बिजली आपूर्ति बाधित हुई और रेलवे ट्रैक पर भी आवागमन प्रभावित हुआ। इन घटनाओं में एक वृद्धा की हालत गंभीर, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

### रेलवे ट्रैक पर ओएचई लाइन टूटी, ट्रेनें रुकीं

दोपहर लगभग 1:30 बजे अचानक तेज अंधड़ आया और इसके बाद करीब डेढ़ घंटे तक झमाझम बारिश और ओले पड़े। ग्राम ओलेंडा के निकट पेड़ गिरने से आगरा-बयाना ट्रैक पर ओएचई (ओवरहेड इक्विपमेंट) लाइन टूट गई, जिसके चलते अजीमाबाद एक्सप्रेस तीन घंटे तक वहीं खड़ी रही। इस घटना से अन्य कई ट्रेनें भी प्रभावित हुईं। विभागीय कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर ओएचई लाइन को ठीक किया, जिसके बाद रेलवे ट्रैक पर आवागमन सामान्य हो सका। फतेहपुर सीकरी में शनिवार दोपहर को अचानक आए तूफान ने भारी तबाही मचाई। तेज हवाओं, ओलों और बारिश के कारण सैकड़ों पेड़ जड़ से उखड़ गए। कई बिजली के खंभे भी टूट गए। संतोष नगर में 200 वर्ष पुराना पेड़ दुकानों पर गिर गया। इस हादसे में भेलपुरी विक्रेता बाबूलाल पेड़ की टहनियों के नीचे दब गया। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। तूफान से सामरा, दाउदपुर, नगला मौर्य, डावर, नगला सराय और मंडी मिर्जा खां गांवों में व्यापक नुकसान हुआ। डाबर गांव में नीम का पेड़ बिजली के तारों पर गिर गया। स्थानीय निवासी यदुवीर माहुरा ने बताया कि हादसे के समय बिजली कटी होने से बड़ा हादसा टल गया। नगला सराय में सुरेश कर्दम के घर के पास पेड़ बिजली के तारों पर गिरने से गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। सीकरी सामरा मार्ग पर कई पेड़ों के गिरने से यातायात प्रभावित हुआ। संतोष नगर में नरेंद्र सिंह इंजीनियर की दुकानों को पेड़ गिरने से भारी नुकसान पहुंचा।



### वृद्धा सहित दो घायल और घर ध्वस्त

आंधी-तूफान का सबसे दुखद पहलू मानवीय क्षति रही। ग्राम खेड़ा जाट में आंधी से उड़ी एक टीन शेड गिरने से 70 वर्षीय वृद्ध महिला चंद्रवती पत्नी मानसिंह की हालत गंभीर हैं । वहीं, कस्बा के संतोष नगर में सैकड़ों वर्ष पुराना नीम का पेड़ गिरने से भेलपुरी बेचने वाले 50 वर्षीय बाबू गंभीर रूप से घायल हो गए। पेड़ गिरने से नरेंद्र सिंह इंजीनियर की दुकानें भी क्षतिग्रस्त हुई हैं।ग्राम डाबर में सावित्री देवी पत्नी जवान सिंह का मकान भी धराशायी हो गया, जिससे घर का सामान क्षतिग्रस्त हो गया। डाबर सहित कई अन्य स्थानों पर भी पेड़ गिरने की खबरें हैं। सामरा क्षेत्र में भी जमकर ओले पड़े।

### विद्युत आपूर्ति प्रभावित और मार्ग अवरुद्ध

तेज हवाओं और बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया है। कई स्थानों पर विद्युत लाइनें भी ध्वस्त हो गईं, जिससे दर्जनों ग्रामों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई है। पेड़ गिरने के कारण कई ग्रामीण मार्ग भी अवरुद्ध हो गए, जिससे लोगों को आवाजाही में दिक्कतें आईं।स्थानीय प्रशासन नुकसान का आकलन करने और राहत कार्यों में जुटा हुआ है।

# खंदौली में खंड विकास कार्यालय के सामने तीसरे दिन भी चला सफाई अभियान

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** खंदौली में खंड विकास कार्यालय के सामने तीसरे दिन भी सफाई अभियान प्रारंम्भ किया गया। चिलचिलाती धूप में गिर्राज सिंह नौहवार उत्तर प्रदेश प्रचार मंत्री ने प्रतिमा स्थल के पास फैले कूड़े कचरे को साफ कर जेसीबी द्वारा एकत्रित किया गया। उन्होंने बताया पूर्व की तरह गंदगी तथा कूड़े, कचरे का ढेर नजर आने लगा है और व्यवसायी दुकानदार अपने दुकान के आगे डस्टबीन लगाकर कूड़ा कचरा उसमें जमा करते हैं। और प्रतिमा स्थल पर डाल जाते है। उन्होंने इसकी शिकयत ह्मद्ध के टोल प्रभारी से की साथ ही उन्होंने प्रतिमा स्थल के आस-पास रखी दुकाने, भूसे की टाल को हटाने के लिए कहा। गिर्राज सिंह ने बताया की प्रतिमा स्थल के पास दुकाने हटने के बाद वहां का सौंदर्यीकरण किया जायेगा।

# आगरा किले के समक्ष महाराजा सूरजमल एवं महाराजा जवाहर सिंह की अश्वारोही प्रतिमा लगाये जाने के मुख्य मंत्री ने दिये निर्देश

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** अखिल भारतीय जाट महासभा आगरा की ओर से जिलाध्यक्ष कप्तान सिंह चाहर ने विगत दिनों ब्रज के वीर योद्धाओं को सम्मान दिये जाने की मांग को लेकर प्रदेश के मुख्यमन्त्री मा.योगी आदित्यनाथ जी को सम्बोधित ज्ञापन छ्परौली से राष्ट्रीय लोकदल विधायक एवं विधान सभा की आश्वासन समिति के अध्यक्ष डा अजय कुमार जी को पिछले दिनों सोंपा था। ज्ञापन में माननीय मुख्यमन्त्री जी से अजेय रियायत भरतपुर के महाराजा सूरजमल व महाराजा जवाहर सिंह की प्रतिमा आगरा किले के समक्ष लगाये जाने, ब्रज के सभी जनपदों में वीर योद्धाओं की स्मृति में द्वार बनाये जाने व किसी बडे पार्क का नाम वीर गोकुला के नाम पर रखे जाने,सिकन्दरा के प्रस्तावित मैट्रो स्टेशन का नाम रामकी चाहर के नाम पर रखे जाने आदि की अनेक मांगें रखी गई थीं। प्रेषित ज्ञापन के साथ विधायक डा. अजय कुमार ने अपने अनुरोध पत्र के साथ मा .मुख्यमन्त्री जी से मुलाकात कर माँगें माने जाने का अनुरोध किया था जिस पर मुख्यमन्त्री जी ने संज्ञान लेते हुए महाराजा सूरजमल व महाराजा जवाहर सिंह की प्रतिमा आगरा किले के समक्ष लगाये जाने हेतु प्रमुख सचिव व निदेशक संस्कृति विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने की अपेक्षा की गई है। जिलाध्यक्ष कप्तान सिंह चाहर महामन्त्री वीरेन्द्र सिंह छौंकर,प्रदेश उपाध्यक्ष चौ. मान सिंह (पूर्व ब्लाक प्रमुख) व चौ गोपीचंद,जिले के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश चाहर, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राणा चौ नवल सिंह, चौ गुलवीर सिंह, युवा जाट महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष यशपाल राणा (पूर्व ब्लाक प्रमुख) व नरेश इन्दौलिया, मण्डल अध्यक्ष मेघराज सोलंकी , युवा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी, जिला प्रभारी देवेन्द्र चाहर(पूर्व ब्लाक प्रमुख) जिला संयोजक जी डी चाहर,युवा महानगर अध्यक्ष लखन चौधरी, पूर्व पार्षद गजेंद्र सिंह नरवार' राहुल चौधरी व जगवीर सिंह इंदौलिया, चौ. ओमप्रकाश सिंह, व विनीत छौंकर आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# खंदौली में विशाल कुश्ती दंगलः बराबरी पर छूटी 51 हजार की कुश्ती, पहलवानों ने दिखाया दम

**आगरा।** रत्न पिथोरा धरती का हर मुख तेरा बखान है, इतिहास में अमर शूरवीर पृथ्वीराज चौहान÷ है। रणभूमि में शत्रुओं का हराने वाले, अपने जीवन का परचम बार-बार लहराने वाले चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष में बाबा गुलाब सिंह स्टेडियम सेमरा में विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया जिस दंगल में लास्ट कुश्ती 51000 की हुई जो कुश्ती संजय पहलवान मित्रौल एवं राजेश पहलवान सेमरा के बीच हुई मुख्य अतिथि श्री जगबीर सिंह तोमर महामंत्री ब्रज क्षेत्र किसान मोर्चा पूर्व ब्लाक प्रमुख जी ने कुश्ती के दोनों पहलवानों के हाथ मिलवा कर दंगल की आखिरी कुश्ती कराई दोनों पहलवान बराबर के होते हुए कुश्ती बराबर की हुई युवा दंगल कमेटी द्वारा मेरा स्वागत सम्मान किया गया इसलिए दिल की अनंत गहराइयों से मेला कमेटी एवं युवा साथियों का बहुत-बहुत धन्यवाद क्षेत्रीय एवं ग्रामवासी सभी सम्मानित लोग उपस्थित रहे श्री राम कुमार जी आचार्यश्री बिल्लोच चौहान जी गजेंद्र सिंह चौहान बब्बू चौहान पूर्व प्रधान हरेंद्र सिंह चौहान पूर्व प्रधान संदीप दिवाकर प्रधान दिनेश चौहान एडवोकेट मेला कमेटी रोहित चौहान अनु सिकरवार गोधन सिंह मुनेश सिकरवार प्रदीप कपिल जाटव आदि उपस्थित रहे।

# जवान की ड्यूटी के दौरान मौत

## पटियाला में तैनात अकोला के जवान को सैन्य सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई



सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** पंजाब के पटियाला में तैनात आईटीबीपी जवान पुरुषोत्तम सिंह की शुक्रवार सुबह ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और इलाज के दौरान डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अकोला के चाहर बाटी क्षेत्र के गांव रिठौरा निवासी पुरुषोत्तम सिंह 51 बटालियन में जीडी हवलदार के पद पर कार्यरत थे। वे 3 अगस्त 2012 को 41 बटालियन में कांस्टेबल के पद पर भर्ती हुए थे। मृत्यु से कुछ समय पहले ही उन्होंने अपनी पत्नी डिम्पल से बात की थी। शनिवार को जब उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, तो हजारों ग्रामीण श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्रित हुए। भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की तृतीय वाहिनी बरेली से आए इंस्पेक्टर भूरे सिंह के नेतृत्व में गार्डस ने 8 राउंड फायर कर और मातमी धुन बजाकर सलामी दी। जवान के 9 वर्षीय बेटे प्रिंस ने मुखाग्नि दी। 33 वर्षीय पुरुषोत्तम की असामयिक मृत्यु से उनकी पत्नी डिंपल, पिता शेर सिंह, माता बासमती देवी और पांचों भाई शोकाकुल हैं। ग्राम समाज की जमीन पर जनप्रतिनिधियों और ग्राम प्रधान की उपस्थिति में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# मंडल रेल प्रबंधक ने सिग्नल एवं दूरसंचार नवनिर्मित डिपो भवन का उद्घघाटन किया



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा सिग्नल एवं दूरसंचार (टेलीकॉम) विभाग की अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नवनिर्मित बिल्डिंग का फीता काटकर उद्घाटन किया 7 नई बिल्डिंग में उन्नत संचार उपकरण, तकनीकी कक्ष, प्रशिक्षण सुविधा एवं कर्मचारियों के लिए उपयुक्त कार्यस्थल उपलब्ध कराया गया है। इस भवन का उद्देश्य सिग्नलिंग और दूरसंचार से संबंधित कार्यों में समन्वय, दक्षता एवं निगरानी को बेहतर बनाना है एवं इससे विभागीय कार्यों की दक्षता एवं गुणवत्ता में वृद्धि होगी। कर्मचारियों को एक उत्कृष्ट कार्यस्थल मिलने से कर्मचारियों/यात्रियों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकें। यह भवन आधुनिक रेलवे संचालन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे यात्रियों की सुरक्षा एवं समयबद्ध सेवा सुनिश्चित की जा सकेगी। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल के साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री प्रनव कुमार, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर समन्वय श्री सुबोध राजपूत, वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री हर्षिकेश मौर्य, वरि. मंडल कार्मिक अधिकारी श्री सनत जैन , वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर समन्वय श्री आर.के. बघेला, वरि. मंडल यांत्रिक इंजिनियर/ कै.वै. श्री राजकुमार वर्मा, मंडल परिचालन प्रबंधक /जन संपर्क अधिकारी कु. प्रशस्ति श्रीवास्तव व मंडल के समस्त शाखा अधिकारी, अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नकली 'पंछी पेठा' की दुकानों पर पुलिस ने मारा छापाः माल जब्त

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा ।** पंछी पेठा के नामचीन ब्रॉन्ड के नाम पर गुमराह किया जा रहा था। ब्रॉन्ड के नाम पर नकली दुकानों द्वारा ग्राहकों को गलत माल दिया जा रहा था। असली ब्रांड के मालिकों ने शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने अभियान चलाया। ताजगंज पुलिस द्वारा फतेहाबाद रोड पर पेठा विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की। उनका माल जब्त कर लिया गया। नामचीन ब्रॉन्ड के सुभाष चंद गोयल और अमित गोयल की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की। दुकानों पर पंछी पेठे का मिलता-जुलता नाम का इस्तेमाल किया जा रहा था। दुकानों पर वर्षों से पेठा और नमकीन बेचा जा रहा था, जिससे असली ब्रांड की साख को नुकसान हो रहा था। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, पिछले दो वर्षों में इस फर्जीवाड़े से पंछी पेठे को करोड़ों रुपये का घाटा हुआ है। ग्राहकों में भ्रम की स्थिति बनाकर न सिर्फ के बड़े-बड़े बैनर और पोस्टर भी लगा रखे थे। ब्रांड को बदनाम किया गया, बल्कि गुणवत्ता से भी इन्हें हटवा दिया गया। ताजगंज पुलिस ने संबंधित दुकानदारों को चेतावनी दी है कि आगे से किसी भी ब्रांड का नाम अवैध रूप से इस्तेमाल करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। चार दुकानों पर छापा मारा और दुकानों के बोर्ड और बैनर उतरवाने के साथ ही सारा माल भी जब्त कर लिया।




# एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते लेखपाल को पकड़ाः रिटायर शिक्षक से मांगे थे 50 हजार, पूरी घटना सीसी टीवी में कैद

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** किरावली तहसील में शनिवार को एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लेखपाल को 25 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी लेखपाल ने दो भाइयों के खेत के बंटवारे के मामले में 50 हजार रुपए की मांग की थी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, रायभा निवासी रिटायर्ड शिक्षक रामचरण सिंह और उनके भाई श्यामवीर सिंह की जमीन का बंटवारा होना है। इस संबंध में जब वे किरावली तहसील पहुंचे तो वहां तैनात लेखपाल नारायण दास ने बंटवारा करने की एवज में 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी।रामचरण सिंह ने इस मामले की शिकायत आगरा स्थित एंटी करप्शन विभाग में की, जिसके बाद टीम ने कार्रवाई की योजना बनाई। शनिवार को लेखपाल ने रामचरण सिंह को तहसील के पास एक मिठाई की दुकान पर बुलाया और वहां 25 हजार रुपए की पहली किस्त ली। जैसे ही रुपए लेखपाल के हाथ में आए, पहले से तैनात एंटी करप्शन टीम ने उसे नोटों सहित धर दबोचा। लेखपाल के रिश्वत लेने का सीसीटीवी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि रेस्टोरेंट के अंदर लेखपाल और शिक्षक बैठे हैं। शिक्षक लेखपाल को रुपए देता है। इसके बाद लेखपाल बाहर की ओर आता है। रेस्टोरेंट के गेट पर पहले से एंटी करप्शन टीम के लोग खड़े होते हैं। वो लेखपाल को वहीं पर पकड़ लेते हैं।

### सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना

इस पूरी कार्रवाई का वीडियो पास के एक रेस्टोरेंट के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया। फुटेज में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि शिक्षक और लेखपाल एक टेबल पर बैठे हैं, जहां शिक्षक रुपए सौंपते हैं।

रुपए लेने के बाद जैसे ही लेखपाल बाहर निकलता है, रेस्टोरेंट के बाहर मौजूद एंटी करप्शन टीम के सदस्य उसे पकड़ लेते हैं।फिलहाल आरोपी लेखपाल को एंटी करप्शन टीम अपने साथ ले गई है और मामले की जांच की जा रही है। तहसील परिसर में इस कार्रवाई के बाद हड़कंप मच गया है।

# जनसहयोग संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बने संजय शर्मा, सामाजिक समरसता को सशक्त बनाने का लिया संकल्प

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** आगरा जनपद के सुप्रसिद्ध युवा समाजसेवी संजय शर्मा को जन सहयोग संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज शर्मा द्वारा राष्ट्रीय संचालिका श्रीमती आरती शर्मा की संस्तुति पर संगठन के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। संजय शर्मा उर्फ़ रामेश्वर को प्रदेश अध्यक्ष पद पर सभी की सहमति से नियुक्त किया गया है। संजय शर्मा को नियुक्त प्रदान करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि हम आशा करते हैं कि आप प्रदेश में संगठन को मजबूत करेंगे एवं राष्ट्रीय हित में अच्छा कार्य करेंगे। आपको बहुत-बहुत बधाई पूरे संगठन की ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं। वहीं संजय शर्मा ने अपने मनोनयन पर राष्ट्रीय एवं प्रांतीय कार्यकारिणी का आभार जताते हुए सामाजिक समरसता को सशक्त बनाने का संकल्प लिया है।




ऑपरेशन सिंदूर को रेलवे का सलाम, तिरंगे की रोशनी में जगमगाया आगरा मंडल का आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन एवं मथुरा जंक्शन स्टेशन

# मीट कारोबारी से रंगदारी वसूलने पर हिन्दू महासभा के चार कार्यकर्ताओं पर एफआईआर

## आरोपियों का सरगना संजय जाट भी शामिल, दो महिलाओं सहित ब्लैकमेलिंग में पहले भी जा चुका है जेल

सांध्य पहल संवाददाता



आरोपी सौरभ शर्मा



आरोपी मनीष पंडित

**आगरा।** आगरा पुलिस ने मीट कारोबारी को ब्लैकमेल कर चौथ वसूली करने वाले हिन्दू महासभा के कथित नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ये लोग कथित तौर पर हिन्दू महासभा से जुड़े कार्यकर्ता है और आरोपी आदतन अपराधी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आगरा के थाना शाहगंज में वजीरपुरा निवासी रफीकउद्दीन ने एफआईआर दर्ज कराई है। रफीक ने बताया कि वो मीट शाप चलाता हैं। 10 मई की वो मीट लेकर जा रहा था। शाहगंज चौराहे से आगे मस्जिद के पास उन्हें शाहनवाज उर्फ सोनू, सौरभ शर्मा, मनीष व आयुष ने रोका। उन्होंने मीट शॉप चलाने वाले से 50 हजार रुपए की चौथ मांगी। न देने पर दुकान बंद कराने व फर्जी केस में फंसाने की धमकी दी। उन लोगों ने डरा धमकाकर 10 हजार रुपए चौथ ले भी लिए। उनके रुपए देने के बाद वो आगे निकला तो पुलिस ने पकड़ लिया। इसके बाद पीड़ित ने थाना शाहगंज थाने में चौथ लेने वालों के खिलाफ शिकायत की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### एक हिंदूवादी संगठन से जुड़े पदाधिकारी की नाम

चौथ वसूली करने वालों में सौरभ शर्मा पूर्व में अखिल भारत हिंदू महासभा से जुड़ा रहा है। वो संगठन का जिलाध्यक्ष रहा था। वसूली में नाम आने के बाद संगठन की जिलाध्यक्ष मीरा राठौर का कहना है कि सौरभ शर्मा 17 अप्रैल को संगठन से निष्कासित कर दिया गया है। इसके अलावा सरगना संजय जाट सहित आगरा के सभी पदाधिकारियों को पदमुक्त कर दिया गया है।

### कुछ दिन पहले भी जेल गए थे पदाधिकारी

आगरा में अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारी ब्लैकमेलिंग में पहले भी जेल जा चुके हैं। थाना एत्माद्दौला पुलिस ने शराब ठेके को हटाने के नाम पर ब्लैकमेल कर 50 हजार रुपए ऐंठने के आरोप में संजय जाट, मीना दिवाकर, मनीष पंडित, रजनी और मीरा राठौर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### आरोपियों का आपराधिक इतिहास

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपी मनीष एक दिन पहले ही शराब ठेके से वसूली के एक अन्य मामले में जेल से छूटा था। यह दर्शाता है कि यह समूह पहले भी ऐसी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है। इससे पहले भी गौकशी और वसूली के कई मामलों में महासभा के कार्यकर्ताओं के नाम सामने आ चुके हैं, जो इस तरह के गिरोहों के संगठित स्वरूप को दर्शाता है।फिलहाल, शाहगंज पुलिस इस वसूली गैंग की तलाश में जुटी है और सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने तथा उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की बात कह रही है। पुलिस का कहना है कि धर्म या किसी संगठन की आड़ में होने वाली किसी भी तरह की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह घटना उन लोगों के लिए एक सबक है जो हिंदूवादी होने का मुखौटा पहनकर गोमांस के नाम पर अवैध वसूली का खेल खेलते हैं।

## संपादकीय

# ऑपरेशन सिंदुर स्थगित हुआ है, खत्म नहीं

पाकिस्तान के साथ सीजफायर के दो दिन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में इस्लामाबाद को कड़ा संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने अपने 22 मिनट के संबोधन में सीजफायर, आतंकवाद, पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके), ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम में जघन्य हमला और सिंधु जल समझौते पर बात की। उन्होंने कड़े तेवर के साथ कहा कि टेरर और टॉक, टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं चल सकते। पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकता जाहिर उनका यह संदेश सिर्फ पाकिस्तान के लिए ही नहीं बल्कि विश्व समुदाय के लिए भी था। प्रधानमंत्री के संबोधन से एक बात साफ हो गई कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान और आतंकवाद के बारे में पुरानी नीति का परित्याग कर दिया है जहां कूटनीति और आतंक का सहअस्तित्व था। उन्होंने विश्व समुदाय को भारत की नई नीति और सिद्धांत के बारे में स्पष्ट तौर पर बता दिया कि अगर आप पाकिस्तान के साथ बात होगी तो आतंकवाद पर और पाक अधिकृत कश्मीर पर ही बात होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। यानी परमाणु हमले की धमकी को अलग-थलग करके आतंकी अड्डों को नष्ट करेगा। यह याद रखा जाना चाहिए कि अगर पाकिस्तान भारत पर परमाणु हमला करता है तो भारत को सिर्फ खरोंचे ही आएगी, लेकिन विश्व मानचित्र से पाकिस्तान का नाम ही मिट जाएगा। विश्व समुदाय जानता है कि भारत एक जिम्मेदार और सभ्य राष्ट्र है जो पहले परमाणु शस्त्र का इस्तेमाल कभी नहीं करेगा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में इस बात को दोहराया कि यह युद्ध का समय नहीं है, लेकिन इसी के साथ उन्होंने यह भी जोड़ा कि यह आतंकवाद का भी समय नहीं है। वास्तव में भारत पिछले दशकों से आतंक की पीड़ा झेल रहा है। ऐसा पहली बार हुआ कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान में इस्लामाबाद से कराची तक 13 जगहों को अपना निशाना बनाया। न केवल निशाना बनाया बल्कि पाकिस्तान के कई लड़ाकू विमानों को नेतस्नाबूद भी कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बुद्ध ने शांति का रास्ता दिखाया है, लेकिन शक्ति से ही शांति का रास्ता निकलता है। इसका अर्थ साफ है कि भारत अब भई बिनु होई न प्रीति..की नीति को आगे बढ़ाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा भी है कि 'ऑपरेशन सिंदुर स्थगित हुआ है, खत्म नहीं।

# नया मुल्क बलूचिस्तान : कितना कठिन कितना आसान

(मुकेश कबीर-विभूति फीचर्स)



आखिरकार पाकिस्तान के प्रांत बलूचिस्तान ने अपनी आजादी की घोषणा कर दी और अब उसने भारत सहित यूएनओ से स्वतंत्र राष्ट्र के रुप में मान्यता देने की गुहार भी लगाई है। बलूचिस्तान बीते कई वर्षों से पाकिस्तान के जुल्म और शोषण का विरोध करते हुए आजादी की लड़ाई लड़ रहा है। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में बलूचिस्तान का एक अलग देश के रूप में मान्यता प्राप्त करना इतना आसान नहीं लगता जितनी आसानी से बांग्लादेश बन गया था। असल में बांग्लादेश का उदाहरण देखकर ही बलूचिस्तान सबसे ज्यादा उम्मीदें भारत से रखता है लेकिन बांग्लादेश और बलूचिस्तान में बहुत फर्क है। बांग्लादेश के अलग देश बनने में पाकिस्तान के अलावा किसी अन्य देश को आपत्ति नहीं थी जबकि बलूचिस्तान के मामले में सबका समर्थन मिलना आसान नहीं है। आज यदि भारत मान्यता दे भी दे तो भी बलूचिस्तान अलग राष्ट्र नहीं बन पाएगा। किसी भी स्वतंत्र राष्ट्र के लिए संयुक्त राष्ट्र में मान्यता मिलना जरूरी है। आज संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देश एकतरफा बलूचिस्तान के साथ तो दिखाई नहीं दे रहे हैं। खासकर चीन और अमेरिका के हित पाकिस्तान से जुड़े हुए हैं इसलिए चीन तो बलूचिस्तान को मान्यता देना ही नहीं चाहता और अमेरिका दुविधा में है। अमेरिका ईरान में तो बलूचिस्तान का समर्थन करता है लेकिन इधर पाकिस्तान की उपेक्षा नहीं करना चाहता। इसलिए अमेरिका का रुख पूरी तरह साफ नहीं है। अलग देश की मान्यता के लिए सुरक्षा परिषद के सदस्यों का दो तिहाई बहुमत मिलना जरूरी है ,अभी सिर्फ रूस और फ्रांस से ही बलूचिस्तान समर्थन की उम्मीद कर सकता है। इस स्थिति में चीन बलूचिस्तान के खिलाफ वीटो करेगा यह साफ दिखाई देता है। चीन को अपने इकोनॉमिक कोरिडोर के लिए बलूचिस्तान की बहुत जरूरत है और अभी पाकिस्तान की सहमति और सहयोग से ही चीन की पहुंच बलूचिस्तान तक बनी हुई है। बलूचिस्तान के पाकिस्तान से अलग होते ही उसका इकोनॉमिक कोरिडोर का सपना हमेशा के लिए टूट जाएगा और तब चीन बलूचिस्तान को एक और ताइवान नहीं बना सकेगा। चीन के वीटो के चलते ब्रिटेन और अमेरिका पर बलूचिस्तान की निर्भरता बढ़ेगी लेकिन यह दोनों देश अभी तक अनिर्णय की स्थिति में दिखाई देते हैं। इसका मतलब है कि फिलहाल पांच में से तीन देश अभी बलूचिस्तान के पक्ष में नहीं लगते इसलिए मान्यता का मामला टल सकता है। अंतर्राष्ट्रीय नियमानुसार बलूचिस्तान को स्वायत्तता की गारंटी मिलने की संभावना तो है क्योंकि जब कोई देश अपनी आजादी की घोषणा करता है तो उसको स्वायत्तता की गारंटी मिल जाती है। जैसे कोसोवो को मिली हुई है ,कोसोवो को सर्बिया से अलग हुए काफी समय हो चुका है फिर भी कोसोवो को एक स्वतंत्र देश की मान्यता नहीं मिल सकी लेकिन उसे स्वायत्तता की गारंटी मिल चुकी है इसलिए सर्बिया उसके ऊपर हमला नहीं कर सकता,उसको जबर्दस्ती फिर से हासिल नहीं कर सकता लेकिन बलूचिस्तान इस मामले में भी बदकिस्मत है। पाकिस्तान और सर्बिया में बहुत फर्क है। पाकिस्तान अपने स्वार्थ के लिए नियमों को दरकिनार करने की बीमारी से पीड़ित है और दूसरा पाकिस्तान की बदसलूकी को अमेरिका भी पर्दे के पीछे से सपोर्ट कर देता है और चीन तो प्रत्यक्ष सपोर्ट करता ही है इसलिए पाकिस्तान आसानी से बलूचिस्तान को छोड़ने वाला नहीं है। संभावना तो यह है कि अब पाकिस्तान बलूचों से बदला लेने की पूरी कोशिश करेगा,इसलिए अब बलूचों पर अत्याचार भी बढ़ सकते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बलूच विद्रोह ने पाकिस्तान को दोहरी मुश्किल में डाला था। बलूच धरती पाकिस्तान की सबसे बड़ी ताकत है खासकर आर्थिक नजरिए से। बलूचिस्तान की खदानें पाकिस्तान की रीढ़ हैं,बलूचिस्तान अलग होते ही पाकिस्तान बहुत ज्यादा कमजोर हो जाएगा। बांग्लादेश बनने से पाकिस्तान इतना कमजोर नहीं हुआ होगा जितना बलूचिस्तान के अलग होने से होगा। इसलिए पाकिस्तान किसी भी हालत में बलूचिस्तान को हाथ से नहीं जाने देगा। यही कारण है कि पाक सेना के रावलपिंडी हेडक्वार्टर में बलूच आंदोलन को दबाने की तैयारी भी होने लगी है। पाकिस्तान के स्वभाव और वर्तमान हालात को देखते हुए लगता है कि इस बार बलूचों पर जरूरत से ज्यादा अत्याचार होने वाला है।पाकिस्तान अब हमेशा के लिए बलूचियों को कुचलना चाहेगा, वह पहले भी ऐसा करता रहा है। सत्तर के दशक में भी पांच हजार बलूच विद्रोहियों को पाकिस्तान ने मार दिया था। इस बार पाकिस्तान ज्यादा घातक हमला करेगा। उस स्थिति में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाएगी। कम से कम स्वायत्तता की गारंटी के नियम को बचाने के लिए। यदि संयुक्त राष्ट्र बलूचिस्तान को स्वायत्त देश बनाकर भी रख सके तो यह बलूचियों की बहुत बड़ी जीत होगी। फिर आज नहीं तो कल बलूचिस्तान बन ही जाएगा।

## शब्द सामर्थ्य - 051


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 050 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | | म | री | ज | | | |
| ग | ह | न | ता | | ब | र | ब | स |
| | की | | धि | क्का | र | | र | मा |
| | का | | का | | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | | स्त | र | | |
| ह | | | | | | दा | मि | नी |
| ना | | ए | ह | ति | या | त | | लां |
| वा | च | क | | हा | | | खू | ब |
| | | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | | र |

## लघुकथाएं

# थालियाँ

(इंजी. अरुण कुमार जैन-विनायक फीचर्स)



तीनों के सामने खाना परोसा गया। एक की थाली में सिर्फ दाल व रोटी, दूसरे की थाली में दाल रोटी के साथ तोरई की सब्जी व तीसरे की थाली में दही व नमकीन भी था। पहिला उसका वृद्ध ससुर, दूसरा पढ़ाई करने वाला देवर व तीसरा कमाने वाला पति था। बूढ़ी दादी ने ज्यों ही बड़े सहेज कर रखी गयी, अपनी सबसे कीमती अमानत कई पोटलियाँ खोलकर भीतर से निकाली, सभी खिलखिलाकर हँस पड़े।

**वे चाँदी के एक- एक रुपये के तीस सिक्के थे।**

करोड़पति परिवार की मुखिया रुक्मिणी दादी अपने नाती- पोतों को 60-65 साल से सहेज कर रखी गयी, अपने जीवन की अनमोल सम्पति दिखा रहीं थीं। अरे ये भी कोई धन है! इससे तो सभी बच्चों की एक आउटिंग पार्टी भी नहीं हो सकती?÷ छोटा मोनू व्यंग्य से बोल पड़ा। जब मैंने अपनी सोने की चूड़ियाँ बेचीं थीं, तब इस तरह के साठ सिक्के मिले थे. तीस से तुम्हारे दादाजी ने अपने धंधे को जमाया व सफलता के शिखर तक पहुँचे, और ये बचे तीस मुसीबत के दिनों के लिए संभालकर कर रखे गये थे इन्हें साठ साल तक अंधेरे में रखा गया, उजाले की एक भी किरण ये नहीं देख पाये !नहीं तो ये भी वट वृक्ष बन जाते। पर इससे फर्क क्या पड़ता है, ये मेरे लिये तुम्हारे दादाजी की अमूल्य अमानत हैं।÷ कहते -कहते दादी की आँखें छल छला उठीं, और उन्होंने अपने स्वर्गीय पति की अमानत को फिर से पोटली में संभाल कर रख लिया, स्मृति सुख पाने के लिये।

## कहानी

# विजयी मुस्कान

(रमेश मनोहरा-विनायक फीचर्स)



थानेदार रामसिंह अभी थाने में आकर बैठे ही थे कि तभी उनका मोबाइल बज उठा, उन्होंने मोबाइल उठाकर हल्लो कहा-तब उधर से आवाज आई-मैं मंत्री सूबेदार सिंह बोल रहा हूं।

'नमस्ते सर नमस्ते,' रामसिंह मंत्रीजी की आवाज सुनकर उछल पड़े अत: आगे बोले-हां सर, किस लिए याद किया?

'सुना है आपका थाना कमाई का बहुत बड़ा खजाना है?' उधर से मंत्रीजी हंसते हुए बोले-

'आप तो सर आदेश दीजिए, मुझे क्या करना है?'

'तुम्हें यह आदेश दे रहा हूं कि तुम्हारे थाने से एक पेटी का इंतजाम करना है।'%सर, इंतजाम तो हो जाएगा। मगर.....'

'मगर क्या?' थानेदार के रुकते देख मंत्री जी बोले।

'रकम कुछ कम नहीं हो सकती है?'

'ठीक है पोन पेटी का इंतजाम कर दीजिए।' मंत्री सूबेदार ने जवाब दिया-पार्टी का सेमीनार हेतु ये व्यवस्था जुटाना है। पार्टी का बहुत बड़ा कार्यक्रम है।

'आप निश्चित रहिये सर, व्यवस्था हो जाएगी।' जब थानेदार रामसिंह ने यह बात कही तब उधर मंत्री सूबेदार सिंह ने फोन काट दिया। अभी छह महीने पहले मंत्री सूबेदार सिंह की सिफारिश से इस थाने पर स्थानांतर होकर आए हैं। सिफारिश के बावजूद भी इस थाने में आने के लिए अपने बड़े अधिकारी को दो लाख की रिश्वत देना पड़ी। इन छह महिनों में उन्होंने बहुत कमा लिया है। यदि मंत्री जी का यह काम नहीं किया तब वे नाराज हो जायेंगे। उनका नाराज होना यानी कि स्थानांतर ऐसे सूखे इलाके में कर देंगे जहां ऊपरी आमदनी के लिए तरस जायेंगे। मगर वे इस इलाके से स्थानांतर नहीं चाहते हैं। क्योंकि यह इलाका ऊपरी आमदनी हेतु हरा-भरा है। जो भी पुलिस वाला आया यहां से कमाकर गया है। अत: मंत्रीजी के आदेश का पालन उनके लिए बहुत जरूरी है। मंत्री जी का चहेता बनकर रहना इसलिए जरूरी है कि उनका अब टीआई पद पर सीधा प्रमोशन होगा। अत: मंत्री और अधिकारी को वे नाराज नहीं करना चाहते हैं। तब अपने स्टाफ के मान सिंह, शरद कुमार, अंजली शर्मा, कौसल्या, कैलाश मालवीय और किशन धोलपुरे को बुलाकर कहा- हाई वे पर चलना वाहनों की चैड्क्षकग करना है।

'सर, ये अचानक प्रोग्राम कैसे बना लिया।' किशन धोलपुरे ने पूछा।

'मंत्री जी के प्रोग्राम तो अचानक ही बनते हैं।' रामसिंह ने जवाब दिया।

'क्या उगाई करने चलना है?' किशन धोलपुरे ने फिर पूछा।

'हां' संक्षिप्त सा उत्तर देकर रामसिंह 8-10 पुलिस वालों को लेकर हाई वे पर पहुंच गये। हर आने-जाने वाले वाहनों की चैकिंग करने लगे। इस तरह चैकिंग के बहाने ऊगाई का काम शुरू हो गया। उनमे कुछ ऐसे लोग भी थे जो ऊपरी पैसा देने के बजए नियमानुसार शासकीय रसीद प्राप्त कर रहे थे। हर आने-जाने वाला वाहन वाला जानता था कि चैकिंग नहीं बल्कि ऊगाई कर रहे थे। जनता यह भी जानती थी कि ये ऊगाई किसी राजनेता के दबाव में आकर कर रहे हैं। एक वाहन से तीन किलो अफीम पकड़ ली। उस वाहन को रोका, उसके कागजात चेक किये तब उसके पेट में में बंधी 3 किलो की अफीम मिली। पुलिस वाला थानेदार रामसिंह के पास ले गया।

# राशिफल

**मेष**

आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। छात्रों को आज करियर से रिलेटेड शुभ सूचना मिल सकती है। कॉलेज में आपकी एक्टिविटी से आपके दोस्त खुश होंगे। आज आप शाम का समय किसी व्यक्ति से मिलेंगे जिससे किसी इम्पोर्टेन्ट टॉपिक पर चर्चा करेंगे। आज आपको किसी मामले में समझदारी से फैसला लेना होगा, क्योंकि इससे आपकी राह आसान होगी। आज आपके दाम्पत्य जीवन में खुशियां आएंगी। जीवनसाथी आज आपसे किसी सामान की मांग कर सकती हैं।

**वृषभ**

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपको काम को पूरा करने के लिये कड़ी मेहनत करनी होगी। आज आपको संतान की संगति की ओर विशेष ध्यान देना होगा। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किया गया काम आपके बॉस को इम्प्रेस करेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही करने से बचे। लेखकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, किसी समारोह में भाग लेने का मौका मिलेगा।

**मिथुन**

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमाने का है। आज आपको जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे। आपके जीवनसाथी जरुरत का सामान आपको गिफ्ट करेंगे। घर के कामों में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोग आज किसी सभा को आयोजित कर सकते हैं।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आपको व्यापार में उम्मीद से अधिक लाभ प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। आज आपके घर पर मेहमान आ सकते हैं, आपको खुशी होगी। आज ऑफिस में काम की अधिकता रहेगी, लेकिन शाम तक सारा काम अच्छे से निपट जायेगा। आज जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बना रहेगा। बच्चे आज आपसे मन की बात बता सकते हैं। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

**सिंह**

आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियां लेकर आया है। आज किसी काम के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा, आपकी मुलाकात कुछ खास लोगों से होगी। आप अपने लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने के बारे में विचार करेंगे। ऑफिस में आपके अच्छे काम को देखकर जूनियर आपकी ज्यादा रेस्पेक्ट करेंगे। जो लोग मार्केटिंग के फील्ड से जुड़े हैं, उन्हें आज अच्छे क्लाइंट मिल सकते हैं।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज का दिन आपके फेवर में रहने से आपको खुशी होगी जिस काम का रिजल्ट अभी तक आपको परेशान कर रहा था उसमें आपको सफलता मिलने के योग हैं। आज आपकी संतान को खुश देखकर आपको भी खुशी होगी। आज आप घर के बड़े-बुजुर्गों का खास ख्याल रखेंगे आपको भी अच्छा लगेगा। फैमिली की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खर्च और खरीदारी करते समय संतुलन बनाकर चलना होगा, बचत की ओर खासतौर पर ध्यान देना होगा। सेहत के मामले में सावधान रहें।

**तुला**

आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। बिजनेस कर रहे लोगों की बिक्री आज बढ़ेगी, अधिक आमदनी मिलेगी। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के लिए आज का दिन बेहद अच्छा रहेगा, प्रमोशन होने के चांस है। बिजनेस के सारे रुके हुए कामों को आज आप पूरा कर लेंगे, आपकी टेंशन कम होगी। घर खरीदने का प्लान बना रहे लोगों का प्लान आज कामयाब होने का योग है। आज किसी के झगड़े झंझट में न पड़े, जितना हो सके कोर्ट कचहरी के मामले से दूर रहें।

**वृश्चिक**

आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। बिजनेसमैन आज अपने बिजनेस को और आगे बढ़ाने के लिए किसी दूसरे बड़े व्यापारी से डील फाइनल करेंगे। राजनीति के कामों में आज आप ज्यादा रूचि लेंगे, आपके अच्छे कामों की आज तारीफ़ होगी। सोशल मीडिया से जुड़कर लोग अपनी अलग पहचान बनायेंगे। घर से निकलते समय माता जी से मिलकर ही निकले जिससे आपका दिन अच्छा और खुशहाली भरा रहेगा।

**धनु**

आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको अच्छी खबर मिलने के योग हैं यह ख़ुशी आपके घर में बेटे के करियर को लेकर हो सकती है। आज ऑफिस में आपको नया काम मिल सकता है, जिसे पूरा करके आपको भी ख़ुशी होगी। आज की शाम परिवार वालों के साथ बितायेंगे, जिससे पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा। आज माता-पिता के साथ किसी समारोह में जा सकते हैं। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को तरक्की के नये अवसर मिल सकते हैं। इस राशि की कामकाजी महिलाओं को ऑफिस में प्रोत्साहन मिलेगा।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको किसी व्यक्ति से बातचीत करके ख़ुशी मिलेगी साथ ही आप कुछ नया भी सीखने को पाएंगे। आज आप कोशिश करेंगे कि आपका व्यवहार सभी के प्रति अच्छा हो और किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचे। आज आप किसी महत्वपूर्ण काम के लिए किसी की मदद मांगेंगे, आपको निराश होने की जरूरत नही है आपका काम बन जायेगा। आज भावुकता में लिए गए किसी निर्णय के लिए आपको बचना चाहिए। लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जा सकते हैं।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको पारिवारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा आपका सही मार्गदर्शन घर के सभी सदस्यों के दिल में एक-दूसरे के प्रति प्यार बढ़ा देगा। आज किसी को दिए पैसे आपको मिल जायेंगे इससे आपको आर्थिक सपोर्ट मिलेगा साथ ही आप कुछ नया खरीदने का विचार करेंगे। आज कार्यस्थल पर आपको ज्यादा काम करना पड़ेगा लेकिन शाम का समय आपके लिए बेहतरीन साबित होगा आप परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप ऑफिस में किसी काम को आसानी से करेंगे जिससे आपके जूनियर और सीनियर सभी तारीफ करेंगे, आपका कॉन्फिडेंस बढेगा साथ ही आपकी रेस्पेक्ट में भी इजाफा होगा। आज किसी काम में जीवनसाथी का सहयोग मिलने से आपको खुशी होगी, शाम को किसी रेस्टोरेंट में डिनर के लिए जा सकते हैं। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना है, दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा।

## 18 मई विश्व संग्रहालय दिवस

# अद्भुत और अनोखा भोपाल का राष्ट्रीय मानव संग्रहालय

(विवेक रंजन श्रीवास्तव-विभूति फीचर्स)



18 मई को विश्व संग्रहालय दिवस मनाया जाता है , जिससे संग्रहालयों के महत्व को रेखांकित किया जा सके । भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर अद्वितीय है। खजुराहो के मंदिरों में उकेरी नृत्य-संगीत और दार्शनिक मूर्तियाँ, साँची का बौद्ध स्तूप जो शांति और स्थापत्य का प्रतीक है, और भीमबेटका की गुफाएँ जो मानव सभ्यता के प्रारंभिक चित्रों को समेटे हुए हैं-ये सभी स्थल मध्यप्रदेश को वैश्विक पहचान देते हैं। ये यूनेस्को की सूची में शामिल स्मारक हैं । हमारे लिये गौरव की बात है कि न केवल पुरातात्विक धरोहरें वरन हमारे पुराने ग्रंथ भी वैश्विक महत्व के हैं । हाल ही में श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ़ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया है। जब हम पुरातात्विक धरोहर की बातें करते हैं तो स्वत: ही संग्रहालयों का महत्व स्पष्ट हो जाता है । संग्रहालयों में हमारी पुरातात्विक धरोहरें संजो कर संदर्भ तथा प्रदर्शन के लिये रखी जाती हैं । इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल विश्व में अपनी तरह का अनोखा संग्रहालय है ।

यदि आप बिना नागालैंड गये स्वयं को वहां देखना चाहते हों तो आप राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल के नागालैंड परिसर में आ जायें और सेल्फी ले लें । हूबहू नागालैंड जैसा परिवेश , वहीं के मूल कलाकारों द्वारा संपूर्ण साज सज्जा के साथ यहां पर्यटकों के लिये प्रदर्शित किया गया है । और ऐसा ही प्रदर्शन भारत के प्रत्येक क्षेत्र के लिये किया गया है । सामान्य तौर पर संग्रहालय की परिकल्पना एक ऐसे संस्थान से होती है, जहां कुछ चुनिंदा मूर्तियां या अन्य सामान कांच की अलमारी में बंद कर एक इमारत में सुरक्षित ढंग से रख दिये गये हों, जिन्हें केवल दूर से ही देखा जा सकता है किन्तु इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल पूरे विश्व में इस दृष्टि से अनूठा है । यहां 200 एकड़ के विशाल भू भाग में देश-विदेश की आदिम जाति कला एवं संस्कृति को बहुत ही खूबसूरती से यथावत संभालकर रखा गया है। वर्ष 1970 में भारतीय विज्ञान कांग्रेस के अधिवेशन में देश के विख्यात मानव विज्ञानी डॉ. सचिन रॉय ने एक ऐसे संग्रहालय की परिकल्पना की जो, मानव की उत्पत्ति से विकास तक के सभी पहलुओं को प्रदर्शित कर सके। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने उनकी इस परिकल्पना को धरातल पर उतारने की अनुमति दी । जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 1977 में दिल्ली में बहावलपुर हाउस में राष्ट्रीय मानव संग्रहालय की शुरूआत हुई। प्रारंभ में इसे मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन शिक्षा विभाग का एक संस्थान बनाया गया । वर्ष 1979 में इसे भोपाल स्थानांतरित किया गया। बाद में इसे संस्कृति विभाग तथा मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्तशासी संस्थान का दर्जा दिया गया। तत्कालीन मध्यप्रदेश सरकार द्वारा इसके लिये भोपाल के महत्वपूर्ण क्षेत्र विशाल भोपाल ताल के सामने स्थित श्यामला हिल्स में लगभग 200 एकड़ भूभाग आवंटित किया गया जहां पर वर्तमान में यह संग्रहालय स्थापित है। जबकि देश की दक्षिणी क्षेत्रों में विशेष कार्य करने के लिए संग्रहालय का दक्षिण क्षेत्रीय केंद्र, मैसूर में वर्ष 2001 में स्थापित किया गया है। जो विरासत का दर्जा पा चुके वेलिंग्टन हाउस में कार्यरत है। देश के अन्य भागों में यह संग्रहालय अपने क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करने के लिए प्रयासरत है।

संग्रहालय की स्थापना के मूल उद्देश्यों में राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना, नव संग्रहालय आंदोलन द्वारा देश के सांस्कृतिक वैविध्य को आम जनता के सामने लाना हैं । अपने उद्देश्यों के अनुरूप कार्यरत इस संग्रहालय को एक %जीवंत संग्रहालय% भी कहा जा सकता है, जिसमें जहां एक ओर मानव की उद् विकास की गाथा को दर्शाती मुक्ताकाश एवं अंतरंग प्रदर्शनियां बनाई गई हैं, तो वहीं दूसरी ओर पुरापाषाणकाल में मानव के जीवन को प्रदर्शित करते शैलाश्रय भी हैं।

मूल स्वरूप में बने जनजातीय आवास , संग्रहालय की मुख्य प्रदर्शनी आदि मुक्ताकाशी हैं, जिसे लगभग 40 एकड़ भूभाग पर निर्मित किया गया है। यहां गुजरात की राठवा और चौधरी, ओडिशा की सावरा और गदबा, मध्यप्रदेश के भील और अगरिया, छत्तीसगढ़ के रजवार, झारखंड के संथाल, आंध्रप्रदेश के जटापु, पश्चिम बंगाल के भूमिज, महाराष्ट्र की वारली, असम के बोडो कछारी, मौशिंग और करबी, मणिपुर के थांगकुल एवं कबुई नागा, नागालैंड के चाखेसंग, त्रिपुरा के रियांग, तमिलनाडु के टोडा और कोटा, सिक्किम एवं राजस्थान, से लाये जनजातीय आवास प्रदर्शित किये गये हैं । लगातार इसका विस्तार तथा संरक्षण किया जा रहा है। भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप निर्मित इन मकानों की महत्वपूर्ण बात ये है, कि इन्हें उन जनजातियों द्वारा अपने साथ लाई गई मूल सामग्री से ही निर्मित किया गया हैं। ऐसे और जन जातीय विशिष्टता वाले आवासों का निर्माण साल दर साल होता रहता है। इस प्रकार इस संग्रहालय को हम एक %लघु भारत% भी कह सकते हैं । हिमालयन ग्राम प्रदर्शनी में हिमालयीन क्षेत्र जैसे उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश के आवास प्रकारों को स्थापित किया गया है। मरूग्राम नामक प्रदर्शनी में राजस्थान से लाये भुंगा आवास प्रकारों को दर्शाया गया है, तो तटीय गांव प्रदर्शनी में भारत के समुद्री तटों पर स्थित केरल, तमिलनाडु के मछुआरों की बस्ती को दिखाया गया है। पारंपरिक तकनीक में देश के विभिन्न अंचलों में जनजातीय समुदायों द्वारा उनके दैनिक जीवन में प्रयोग की जा रही पारंपरिक तकनीकों को प्रदर्शित किया गया है जिसमें उत्तराखंड में पानी के प्रवाह से चलने वाली आटा चक्की, मणिपुर की नमक बनाने की तकनीक, आंध्रप्रदेश से तेल निकालने की तकनीक, गन्ने पेरने की छत्तीसगढ़ की तकनीक, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ से जलसंरक्षण तकनीक, आदि प्रमुख हैं।

मिथक वीथिका में देश के विभिन्न अंचलों में जनजातियों में प्रचलित मिथक कथाओं पर आधारित विशिष्ट अनूठी प्रदर्शनी में मिट्टी, टेराकोटा, कपड़े, पत्थर और धातु के बने प्रदर्शों को दिखाया गया है। नदी घाटी सभ्यता वीथी-जैसा कि हम जानते हैं कि मानव सभ्यता नदी किनारे बसाहट के प्रमाण एवं अवशेष अब भी पुरातत्व की खुदाई में मिलते हैं। वैसे ही मानव जीवन के महत्वपूर्ण पहलू को दर्शाने के लिए संग्रहालय में नदी घाटी सभ्यता को दर्शाने वाले प्रादर्श प्रदर्शित किये गये हैं।

**वन एवं मेडिसिनल ट्रेल**

वन एवं पर्यावरण को सहेजने के उद्देश्य से संग्रहालय में देश भर से लाये गये पुनीत वनों के प्रतिरूप स्थापित किये गये हैं, तो वहीं सुदूर अंचलों में मिलने वाले ऐसे पौधे जिनका औषधियों के तौर पर इस्तेमाल होता है, भी लगाये गये हैं।

**चित्रित शैलाश्रय**

मानव संग्रहालय की लगभग 32 गुफाओं में भीमबैठका के समकालीन भित्तिचित्र उपलब्ध हैं। जिनका आज भी देशी विदेशी रॉक आर्ट विशेषज्ञों द्वारा अध्ययन किया जाता है।

**वीथि संकुल**


अंतरंग संग्रहालय भवन लगभग 10 हजार वर्गमीटर में बना है । इस विशाल इमारत के अंदर लगभग 10 प्रदर्शनियों के जरिये देश की जनजातीय संस्कृति को दर्शाने का प्रयास किया गया है जिसमें मानव उद् विकास, ह्यूमन ओडीसी, लिंगो जात्रा, इथनिक आर्ट, विश्वास परंपराएं, संगीतवाद्य यंत्र, मुखौटे, वस्त्र एवं भोज परंपराओं के स्थाई संकलन प्रदर्शित किए गए हैं।

देश के विभिन्न आदिवासी एवं जनजातीय क्षेत्रों में कार्य करते हुए वहां की भौतिक संस्कृति को प्रदर्शित करते प्रादर्शों, देशज ज्ञान पद्धतियों पर आधारित सामग्री का संकलन करते हुए लगभग 35 हजार प्रादर्श संग्रहालय के प्रादर्श भंडार में उपलब्ध हैं, जिन्हें समय-समय पर प्रदर्शित किया जाता है। तो वहीं संग्रहालय के पास लगभग 7 हजार घंटे से अधिक की ऑडियो वीडियो रिकॉर्डिंग तथा 3 लाख फोटोग्राफिक कवरेज उपलब्ध है।

# मुनाफावसूली से शेयर बाजार में रहा उतार-चढ़ाव

## - सेंसेक्स 200 अंक गिरकर 82,330.59 अंक पर बंद- निफ्टी बैंक 42 अंक गिरकर 25,019.80 पर बंद

**मुंबई, (ए.)।** बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में मुनाफावसूली के चलते सप्ताह भर उतार-चढ़ाव भरा कारोबार दर्ज ?किया गया। सप्ताह की शुरुआत में तेजी के साथ खुलने वाला शेयर बाजार आ?खिर में ?गिरावट के साथ बंद हुआ। बीते सप्ताह के पांच कारोबारी ?दिनों पर नजर डालें तो ऑपरेशन सिंदूर के बाद चार दिन तक चले संघर्ष के थमने के बाद सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में रौनक लौटी। भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को हुए सीफफायर से निवेशकों की चिंताए कुछ हद कम हुई, जिसका असर सोमवार को देखने को मिला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 2,256.91 अंक चढ़कर 81,716.13 अंकों के स्तर पर खुला और 2,975.43 अंक की बढ़त के साथ 82,429.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 705.16 अंक उछलकर 24,713.15 के स्तर पर खुला और 916.70 अंक की बढ़त के साथ 24,924.70 अंक पर बंद हुआ। मंगलवार को बीते दिन की बंपर उछाल खोते हुए शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 497.5 अंक गिरकर 81,932.40 अंक पर खुला और 1,281.68 अंक गिरकर 81,148.22 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 117.2 अंक गिरकर 24,807.50 अंक पर




खुला और 346.35 अंक गिरकर 24,578.35 अंक पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 281.43 अंक चढ़कर 81,429.65 अंक पर खुला और 182.34 अंक की बढ़त के साथ 81,330.56 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 96.65 अंक चढ़कर 24,675 अंक पर खुला और 88.55 अंक की तेजी के साथ 24,666.90 अंक पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 254.58 अंक की गिरावट लेकर 81,075.98 पर खुला और 1,200.18 अंक उछलकर सात महीने के उच्चतम स्तर 82,530.74 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 भी 64.70 अंक की गिरावट लेकर 24,602.20 पर खुला और 395.20 अंक बढ़कर सात महीने के उच्चतम स्तर 25,062.10 पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में आईटी, फाइनेंशियल सर्विस और फार्मा सेक्टर में बिकवाली देखी गई। सुबह शुरुआत के बाद सेंसेक्स 231.64 अंक की गिरावट के साथ 82,299.10 पर खुला और 200.15 अंक गिरकर 82,330.59 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 52.40 अंक की गिरावट के साथ 55,303.20 पर खुला और 42.30 अंक गिरकर 25,019.80 पर बंद हुआ।

### गूगल वर्कस्पेस के यूजर्स की संख्या बढ़कर 1.1 करोड़ के पार

**नई दिल्ली, (ए.)।** गूगल के वर्कस्पेस के यूजर्स की कुल संख्या 1.1 करोड़ से अधिक हो गई। दिग्गज कंपनियों से लेकर स्टार्टअप्स तक सभी अब वर्कस्पेस का उपयोग कर रहे हैं। भारत में भी वर्कस्पेस का प्रयोग तेजी से बढ़ रहा है। गूगल वर्कस्पेस के एक अधिकारी ने इस बढ़ोतरी पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि जेनरेटिव एआई का अवश्यकता महसूस करने से कंपनियों का लाभ भी बढ़ रहा है। अधिकारी ने यह भी बताया कि वर्कस्पेस के आर्किटेक्चर ने साइबर सुरक्षा की चिंताओं को भी दूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि कंपनी की क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर ने अब खतरों का नियंत्रण करने में सफलता प्राप्त की है। इस बढ़ती तादाद में भारत के उद्यमों का योगदान बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यूनिकॉर्न कंपनियों की संख्या भी वर्कस्पेस पर आधारित कारोबार के बढ़ने का साक्षात्कार कराती है। इस बारे में जानकारी



तियांगोंग, बीजिंग में आर्थिक-तकनीकी विकास क्षेत्र में ह्यूमनॉइड रोबोटिक्स कंपनी के बीजिंग इनोवेशन सेंटर द्वारा विकसित एक ह्यूमनॉइड रोबोट बीजिंग रोबोटिक्स औद्योगिक पार्क में आयोजित मीडिया टूर के दौरान अपनी कंपनी में एक प्रदर्शन के रूप में एक नारंगी रंग का पौधा ले जाता हुआ।

### दिल्ली सरकार गिग वर्कर्स के लिए कल्याण बोर्ड बनाएगी

**नई दिल्ली, (ए.)।** दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि सरकार गिग और मंच श्रमिक के लिए कल्याण बोर्ड और योजनाएं बनाने पर ?विचार कर रही है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मिश्रा ने गिग श्रमिकों (अस्थायी तौर पर काम करने वाले कर्मचारियों) और स्विगी, जोमैटो, ब्लिंकिट, उबर, अर्बनक्लैप और बिगबास्केट सहित प्रमुख मंचों और एग्रीगेटर के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की। इस सत्र ने गिग श्रमिकों को सरकार और एग्रीगेटर के सामने सीधे अपनी चिंताओं को रखने के लिए एक मंच दिया। बयान के मुताबिक श्रमिकों ने अधिक काम के घंटे, अपर्याप्त भुगतान और प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली के अभाव जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों का जिक्र किया। मिश्रा ने कहा ?कि इन सभी समस्याओं का समाधान मंच और एग्रीगेटर के सहयोग से किया जाएगा।

# बेलराइज आईपीओ से पहले ऑटोमोबाइल सेगमेंट में मजबूती की तैयारी में

## - कंपनी का आईपीओ 21 मई को खुलेगा

**नई दिल्ली, (ए.)।** वाहनों के लिए चेसिस सिस्टम से लेकर एग्जॉस्ट और पॉलीमर पुर्जों सहित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला वाली कंपनी बेलराइज इंडस्ट्रीज 2,150 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की पेशकश से पहले अब चार पहिया और यात्री वाहन खंड में विस्तार करना चाह रही है। कंपनी का आईपीओ 21 मई को खुलने वाला है। फिलहाल, कंपनी के कारोबार में दोपहिया वाहन श्रेणी की बड़ी हिस्सेदारी है। कंपनी चेन्नई (तमिलनाडु), पुणे (महाराष्ट्र) और भिवाड़ी (राजस्थान) में तीन नए विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है। इनमें से चेन्नई का संयंत्र प्रमुख केंद्र रहेगा, जो रॉयल एन्फील्ड और अशोक लीलैंड जैसे मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) के साथ-साथ दोपहिया, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) स्टार्टअप और वाणिज्यिक वाहन विनिर्माताओं की एक बड़ी श्रृंखला की सेवा करेगा। फिलहाल, बेलराइज के पास मेटल पुर्जा दोपहिया खंड में 24 फीसदी बाजार हिस्सेदारी है और यह बजाज ऑटो, हीरो मोटोकॉर्प और होंडा जैसे ओईएम की आपूर्तिकर्ता है। मगर चार पहिया वाहनों और वाणिज्यिक वाहन खंड में इसकी हिस्सेदारी काफी कम है। कंपनी अब मूल उपकरण विनिर्माताओं के साथ गहन एकीकरण और अपने उत्पादों का विस्तार कर इस अंतर को पाटना चाह रही है। हालांकि, आने वाले संयंत्रों की क्या क्षमता रहेगी और कंपनी इन पर कितना निवेश करेगी इसका खुलासा अभी नहीं हुआ है, लेकिन उम्मीद जताई जा रही है कि वे वाहन खंडों की एक बड़ी श्रृंखला को पूरा करने की कंपनी के लक्ष्य को हासिल करने मददगार होंगे। कंपनी के भविष्य की रोडमैप के लिए इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं। कंपनी सीएनजी से चलने वाली गाड़ियों खासकर वाणिज्यिक वाहनों और छोटी कार खंड में बढ़ते अवसर देख रही है।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद साइबर खतरे के निशाने पर भारत!

**नई दिल्ली, (ए.)।** सरकार देश के डिजिटल प्रतिष्ठानों और संसाधनों के खिलाफ साइबर युद्ध छिड़ने की आशंका को देखते हुए हाई अलर्ट पर है। सूत्रों ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम होने के बावजूद सरकार अंतरराष्ट्रीय रैनसमवेयर समूहों और पाकिस्तान समर्थित हैकरों

# हाइब्रिड कारों को पेश करने की योजना बना रही कंपनियां

**नई दिल्ली, (ए.)।** कई प्रमुख कार निर्माता अपनी हाइब्रिड कारों को भारतीय बाजार में पेश करने की योजना बना रहे हैं। यहां हम उन कुछ मोस्ट-अवेटेड हाइब्रिड कारों के बारे में जानते हैं, जो जल्द ही भारत में लॉन्च हो सकती हैं। किआ भारत में अपनी आगामी अगली पीढ़ी की किआ सेल्टोस हाइब्रिड को 2026 की शुरुआत में ग्लोबल मार्केट में पेश करने की तैयारी कर रही है। भारत में इसे उसी साल के अंत तक लॉन्च किया जा सकता है।

नई सेल्टोस में आक्रामक डिजाइन, नया केबिन और अपग्रेडेड टेक्नोलॉजी की उम्मीद जताई जा रही है। इसके अलावा, यह हाइब्रिड पेट्रोल पावरट्रेन से लैस हो सकती है, जो इसे और भी अधिक ईंधन दक्ष बना सकता है। हुंडई अपनी पॉपुलर एसयूवी क्रेटा की अगली पीढ़ी को हुंडई क्रेटा हाइब्रिड पावरट्रेन के साथ लॉन्च करने की योजना बना रही है। क्रेटा फेसलिफ्ट में पेट्रोल-हाइब्रिड विकल्प होने की संभावना है। हालांकि, लॉन्च टाइम को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन यह कार अगले दो वर्षों में भारतीय बाजार में दस्तक दे सकती है।

मारुति सुजुकी ने अपनी फास्टेस्ट सेलिंग मारुति फ्रोंक्स हाइब्रिड वेरिएंट को लॉन्च करने की योजना बनाई है। हाल ही में, हाइब्रिड बैज वाली मारुति फ्रोंक्स का प्रोटोटाइप टेस्टिंग के दौरान देखा गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हाइब्रिड मॉडल जल्द ही भारतीय बाजार में उपलब्ध हो सकता है, जो कि फ्रोंक्स के पहले से ही पॉपुलर होने के बाद और अधिक ग्राहकों को आकर्षित करेगा।

### रियलमी नियो 7 टर्बो लॉन्च करने की तैयारी

**नई दिल्ली, (ए.)।** चाइनीज कंपनी रियलमी अपनी नियो 7 सीरीज का नया स्मार्टफोन रियलमी नियो 7 टर्बो लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसे इसी महीने चीन में पेश किया जाएगा। कंपनी ने इसे द स्ट्रांगेस्ट नियो इन हिस्ट्री के रूप में प्रमोट किया है, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह फोन फ्लैगशिप लेवल परफॉर्मेंस ऑफर करेगा। इसके अलावा, टर्बो ब्रैंडिंग से यह संकेत मिलता है कि यह फोन आइकू झेड10 टर्बो प्रो और रेडमी टर्बो 4 प्रो जैसी डिवाइसेज से मुकाबला करेगा।

रियलमी नियो 7 टर्बो में 1.5के रेजोल्यूशन वाली फ्लैट ओलेड डिस्प्ले और 50 मेगापिक्सल का ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप हो सकता है। इसके अलावा, इसमें 7000 एमएएच बैटरी दी जा सकती है, जो 120वॉट की फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करेगी। फोन के डिजाइन को कंपनी ने एकदम नया बताया है। चीन में इस फोन की शुरुआती कीमत 2500 युआन (लगभग 29,500 रुपये) के आसपास हो सकती है।

कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, यह फोन रियलमी जीटी 7 का रीब्रैंडेड वर्जन हो सकता है, जिसका ग्लोबल लॉन्च 27 मई को होने वाला है। कंपनी के इस स्मार्टफोन में मीडियाटेक डायमेंसिटी 9400ई चिपसेट होने की संभावना है, जो डायमेंसिटी 9300 प्लस का इंहैंस्ड वर्जन है। इस प्रोसेसर में सीपीयू और जीपीयू कॉन्फिगरेशन में कोई बड़ा बदलाव नहीं है, लेकिन परफॉर्मेंस स्नैपड्रैगन 8एस जेन 3 से बेहतर हो सकता है।



ह्यूस्टन, टेक्सास, अमेरिका में थॉर्न्स एफसी फॉरवर्ड पेटन लिनेहन (15) शेल एनर्जी स्टेडियम में पहले हाफ में ह्यूस्टन डैश डिफेंडर केटी लिंड (25) के खिलाफ शॉट लगाते हुए।

### करुण नायर को डियर क्रिकेट ने दिया फिर से एक और मौका, इंडिया ए स्क्वॉड में हुआ चयन

**मुंबई, (ए.)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया ए स्क्वॉड की घोषणा की। टीम में करुण नायर का नाम देख हर कोई खुश था। दरअसल, करुण ने 2024-25 के घरेलू सीजन में रनों की बौछार कर दी थी। जिसका इनाम उन्हें इंडिया ए के स्क्वॉड में चयन के रूप में मिला है। बता दें, इंडिया ए इंग्लैंड में तीन चार दिवसीय मैच खेलेगी, इसमें से दो मैच 30 मई से 2 जून तक कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ और 6 से 9 जून तक नॉर्थम्प्टन में खेलने है। इसके अलावा एक मैच टीम सीनियर टीम इंडिया के खिलाफ खेलेगी। करुण ने 2016-17 के बीच भारत के लिए 6 टेस्ट और 2 वनडे खेल चुके थे। इसके बाद वे अचानक टीम से बाहर हो गए और फिर चयनकर्ताओं ने उनकी ओर मुड़कर नहीं देखा। नायर ने 2022 में पोस्ट किया था जिसने सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी थी। उन्होंने लिखा था, डियर क्रिकेट, मुझे एक और मौका दो' अब दो-तीन साल की मेहनत के बाद उन्हें टीम में मौका मिला है, तब पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने भी उनके लिए कुछ ऐसा ही पोस्ट किया है, जो पलभर में वायरल हो गया।

# 20 जून से शुरु होगी भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज, रोहित-विराट के बगैर उतरेगी टीम

### अब तक हुए 136 टेस्ट मैचों में भारत 35 और इंग्लैंड ने जीते हैं 51 मैच

**नई दिल्ली, (ए.)।** भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज 20 जून से शुरु होने वाली है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के बगैर भारत यह सीरीज में उतरेगा। भारत का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाफ खराब रहा है। आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय टीम इंग्लैंड से बहुत पीछे है। भारत और इंग्लैंड की टीमें टेस्ट फॉर्मेट में अब तक 136 मुकाबले खेल चुकी हैं। इन 136 मैचों में भारत ने 35 जीते मैच हैं जबकि इंग्लैंड ने 51 मैचों में जीत हासिल की है, जबकि 50 मैच ड्रॉ पर खत्म हुए हैं। दोनों टीमों के बीच जीत हार का अंतर काफी ज्यादा है। ऐसे में टीम इंडिया को इंग्लैंड के खिलाफ मजबूती से खेलना होगा।

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान होना बाकी है। इससे पहले 2024 में इंग्लैंड पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने भारत आई थी, जिसमें भारत ने 4-1 से जीत दर्ज की थी। इस सीरीज में यशस्वी जायसवाल ने 712 रन बनाए और



रविचंद्रन अश्विन ने 26 विकेट लिए थे। इंग्लैंड के जैक क्रॉली और टॉम हार्टले ने 407 रन और 22 विकेट लेकर अपनी टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन किया था। इस बार कौन बेहतर प्रदर्शन करेगा ये देखना दिलचस्प होगा।

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट टीम का चयन पैनल 23 या 24 मई तक हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक शुभमन गिल को टीम इंडिया का कप्तान बनाया जा सकता है। गिल को अभी तक टेस्ट क्रिकेट में नेतृत्व की भूमिका नहीं दी गई है। वह लिमिटेड ओवरों के क्रिकेट में उप-कप्तान हैं और पिछले साल जिम्बाब्वे में पांच मैचों की टी20 सीरीज के दौरान उन्होंने भारत का नेतृत्व किया था।

टेस्ट सीरीज का शेड्यूल-
पहला टेस्टः 20 से 24 जून
दूसरा टेस्टः 02 से 6 जुलाई
तीसरा टेस्टः 10 से 14 जुलाई
चौथा टेस्टः 23 से 27 जुलाई
पांचवां टेस्टः 31 जुलाई से 4 अगस्त

### बाबर आजम ने चुनी अपनी वर्ल्ड इलेवन टीम, रोहित और सूर्यकुमार को दी जगह

**नई दिल्ली, (ए.)।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम ने हाल ही में अपनी टी20 वर्ल्ड इलेवन चुनी है। इस टीम में उन्होंने ना तो टीम इंडिया के सुपरस्टार विराट कोहली को जगह दी है और ना ही जसप्रीत को। उन्होंने अपनी इस टीम में दो भारतीय को जरूर जगह दी है। बाबर आजम की वर्ल्ड इलेवन में दो भारतीय रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव को रखा है। रोहित के नाम टी-20 में सबसे ज्यादा रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड है, वहीं सूर्या मौजूदा भारतीय टी20 टीम के कप्तान हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अपनी वर्ल्ड इलेवन का चयन करते हुए बाबर आजम ने सबसे पहले रोहित शर्मा का नाम लिया। बतौर ओपनर उनके बैटिंग पार्टनर के रूप में उन्होंने मोहम्मद रिजवान को चुना। उन्होंने नंबर-3 पर भी पाकिस्तानी खिलाड़ी के रूप में फखर जमां को चुना है और चौथे नंबर पर उन्होंने भारत के

# आईपीएल-2025: दिल्ली टीम ने फिर जुड़े फाफ डु प्लेसिस और ट्रिस्टन स्टब्स

## स्टार्क की जगह तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम में किया शामिल

**नई दिल्ली, (ए.)।** दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2025 के बचे हुए मैचों के लिए साउथ अफ्रीका के फाफ डु प्लेसिस और ट्रिस्टन स्टब्स के फिर से टीम से जुड़ने की घोषणा कर दी। हालांकि टीम की तरफ से बताया गया है कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टॉर्क और साउथ अफ्रीकी ऑलराउंडर डोनोवोन फेरेरिया उपलब्ध नहीं हैं। अपने बयान में डीसी ने स्टार्क और फेरेरिया के आईपीएल के बाकी मैचों के लिए भारत न लौटने के उनके फैसले को सपोर्ट किया है।

स्टार्क की गैरमौजूदगी के बाद दिल्ली ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम में




शामिल किया है। रहमान भी स्टार्क की तरह ही बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं, उन्हें जैक फ्रेजर मैक्गर्क की जगह लिया गया है। मैक्गर्क निजी वजहों से भारत वापस नहीं लौट रहे हैं। मैक्गर्क का वापस न आना दिल्ली के लिए झटका है। वह मौजूदा समय के विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक हैं। वहीं मुस्तफिजुर रहमान के जुड़ने से टीम की गेंदबाजी खासकर तेज गेंदबाजी मजबूत हुई है। मैक्गर्क के न आने की वजह से डीसी को रहमान को जोड़ने और स्टार्क की कमी को पूरा करने का मौका मिल गया है। मुस्तफिजुर रहमान मेगा ऑक्शन में शामिल थे, लेकिन अन्य बांग्लादेशी खिलाड़ियों की तरह रहमान को भी तब किसी टीम ने नहीं खरीदा था। मुस्तफिजुर रहमान पिछले सीजन सीएसके का हिस्सा थे। वे 2016 से आईपीएल खेल रहे हैं और अब तक 57 मैचों में 61 विकेट ले चुके हैं। रहमान 2022-2023 सीजन में डीसी का हिस्सा रह चुके हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने इस सीजन की शुरुआत शानदार तरीके से की थी और प्लेऑफ में उसका पहुंचना तय था लेकिन पिछले पांच मैच इस टीम के लिए अच्छे नहीं रहे और अब टीम पर अंतिम-4 से बाहर होने खतरा मंडरा रहा है। डीसी के 11 मैचों में 6 जीत और 4 हार के बाद 13 अंक है।

# क्रिकेट में विशाल योगदान के लिए वानखेड़े स्टेडियम में बना रोहित के नाम का स्टैंड

## रोहित ने मिले सम्मान पर भावना व्यक्त कर इसे अवास्तविक अनुभव बताया

**मुंबई, (ए.)।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा के नाम से स्टैंड का उद्घाटन किया, जो भारत के वनडे कप्तान और मुंबई इंडियंस के दिग्गज खिलाड़ी को उनके क्रिकेट में योगदान के लिए सम्मानित करता है। डिवेचा पवेलियन लेवल 3 को अब रोहित शर्मा के नाम से जाना जाएगा, जिससे वह सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और विजय मर्चेंट जैसे क्रिकेट दिग्गजों की श्रेणी में शामिल हो गए हैं, जिनके नाम पर इस स्टेडियम में स्टैंड हैं।



रोहित के साथ-साथ पूर्व भारतीय कप्तान अजीत वाडेकर और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष शरद पवार के नाम पर भी इस स्टेडियम में स्टैंड हैं। एमसीए ने अपनी 86वीं वार्षिक आम बैठक में यह फैसला लिया था। पहले यह समारोह 13 मई को होना था लेकिन भारत-पाकिस्तान सीमा तनाव के चलते इसे स्थगित कर दिया गया था। सीजफायर लागू होने और आईपीएल आज यानी 17 मई को फिर से शुरू हो रहा है।

स्टैंड की पहली झलक, जो स्टेडियम के पूर्वी हिस्से में की गई थी, औपचारिक अनावरण से पहले सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी।

रोहित जिन्होंने 7 मई 2025 को 67 टेस्ट मैचों में 4,301 रन बनाने के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया, रोहित ने इस सम्मान पर गहरी भावना व्यक्त की और इसे अवास्तविक अनुभव बताया। उन्होंने अपने बचपन के संघर्षों को याद किया, जब वह अंडर-16 क्रिकेटर के रूप में वानखेड़े में प्रवेश नहीं कर सके थे, जिससे एमसीए अधिकारियों और उनके परिवार की उपस्थिति में यह श्रद्धांजलि और भी मार्मिक बन गई।

रोहित का वानखेड़े से गहरा नाता है। उन्होंने इस मैदान पर 11 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 402 रन बनाए हैं और टी20 में 2,543 रन बनाए, जिनमें से ज्यादातर मुंबई इंडियंस के लिए हैं, जहां उन्होंने फ्रेंचाइजी को 5 आईपीएल खिताब जितवाए।

# ट्रम्प का दावा: भारत अमेरिकी वस्तुओं पर 100 फीसदी टैरिफ हटाने को तैयार है

## भारत ने कहा- वार्ता चल रही है, जब तक सब कुछ तय नहीं तब तक कुछ नहीं

**वाशिंगटन, (ए.)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि भारत ने अमेरिकी वस्तुओं पर सभी टैरिफ हटाने की पेशकश की है। हालांकि इसके बाद भी उन्होंने कहा कि वह व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की जल्दी में नहीं हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि भारत ऐसे देश का सबसे अच्छा उदाहरण है, जो अपनी सभी बाधाओं को दूर करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। ट्रंप ने कहा कि वे व्यापार करना असंभव बना देते हैं। क्या आप जानते हैं कि वे संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए अपने टैरिफ में 100 फीसदी की कटौती करने को तैयार हैं? इस दावे के बावजूद उन्होंने संकेत दिया कि हर कोई



हमारे साथ व्यापार करना चाहता है। भारत के साथ ये समझौता कितना जल्दी होगा, यह देखना होगा। मुझे कोई जल्दी नहीं है। हम हर किसी के साथ व्यापार की योजना नहीं बना रहे हैं। ट्रंप के दावे पर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था ।

कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता चल रही है। ये जटिल वार्ताएं हैं। जब तक सब कुछ तय नहीं हो जाता, तब तक कुछ भी तय नहीं होता। किसी भी व्यापार सौदे को पारस्परिक रूप से लाभकारी होना चाहिए। इसे दोनों देशों के लिए काम करना चाहिए। व्यापार सौदे से हमारी यही अपेक्षा होगी। जब तक ऐसा नहीं हो जाता, इस पर कोई भी फैसला समय से पहले होगा।

ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब उनकी टीम वैश्विक व्यापार गतिशीलता को बड़े स्तर पर बदलने का विचार कर रही है। ट्रंप ने कहा था कि वह अगले दो से तीन सप्ताह में व्यापारिक साझेदारों के लिए नई आयात शुल्क दरें तय करने की योजना बना रहे हैं। ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ व्यापार के विस्तार की संभावना पर भी विचार करने की बात कही है। ट्रंप ने कहा था कि भारत में पहलगाम आतंकी हमले के बाद सीमा विवाद के बीच दोनों देशों के बीच युद्ध विराम समझौते के लिए मध्यस्थता करने में व्यापार प्रक्रिया को बढ़ाना एक बड़ा कारक था। ट्रंप ने कहा कि मैं शांति स्थापित करने के लिए दोनों देशों के साथ बराबरी से व्यापार करना चाहता हूं।

# युद्ध में झौंक दिए 3 साल, शांति वार्ता के लिए 2 घंटे भी बैठक नहीं कर पाए, रुस-यूक्रेन



**अंकारा, (ए.)।** बीते तीन साल से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है। शांति पर बात भी हो रही है लेकिन सहमति नहीं बन पा रही है। वजह ये है कि रूस अपनी शर्तें रख रहा है और यूक्रेन का कहना है कि पहले बंदूकों को शांत किया जाए तब कहीं शांति पर बात हे सकती है। हाल ही में हुई बैठक में टर्की में हुई बैठक भी मात्र दो घंटे ही चली और युद्ध बीते तीन साल से चल रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच बीते तीन साल से जारी युद्ध के बीच पहली बार दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच शांति वार्ता हुई। दोनों देशों के बीच युद्धविराम पर कोई सहमित नहीं बन पाई। रूस और यूक्रेन के अधिकारी यू-आकार की एक मेज के चारों ओर आमने-सामने बैठे। तुर्किये के विदेश मंत्री हकान फिदान ने बैठक की शुरुआत में सभी पक्षों से इस अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया और कहा कि 'यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि संघर्षविराम यथाशीघ्र हो।अधिकारियों और पर्यवेक्षकों का मानना है कि तुर्किये की मध्यस्थता वाली वार्ता के माध्यम से तीन साल से अधिक समय से चल रहे युद्ध को रोकने में तत्काल कोई प्रगति नहीं होगी। इस वार्ता का नतीजा इतना ही रहा कि दोनों देशों के बीच 1000 बंदियों की रिहाई पर सहमति बनी । रूस के प्रतिनिधि ने कहा कि दोनों देशों के बीच सीजफायर के प्रस्ताव पेश करने को लेकर सहमति बनी है। वहीं यूक्रेन का कहना है कि सीजफायर को लेकर वह बिल्कुल संतुष्ट नहीं है। रूस ने इस मुद्दे को लेकर कोई सकारात्मक जवाब नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि रूस ने ऐसी शर्त रखी है जो कि स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, रूस चाहता है कि यूक्रेन बड़े हिस्से से अपनी सेना को हटा ले। यह तो एक तरह से धोखे की स्थिति है। रूस इसका फायदा उठाना चाहता है। उन्होंने कहा कि रूस शांति वार्ता में भी अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहता है। वहीं रूस और यूक्रेन के रुख ने टेंशन जरूर बढ़ा दी है। रूस युद्धविराम पर बात करने को तैयार नहीं है। वहीं यूक्रेन का कहना है कि बिना दोनों तरफ से बंदूकों के शांत हुए शांति की बात भी नहीं की जा सकती है। यूक्रेन का कहना था कि वार्ता के लिए कम से कम अस्थायी सीजफायर जरूरी है। यूक्रेनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि रूस ने उसकी शर्त नहीं मानी। वहीं रूस की तरफ से वार्ता में शामिल हुए व्लादिमीर मेदिन्स्की ने कहा कि वह इस वार्ता से संतुष्ट हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा है कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, फ्रांस, जर्मनी, यूके और पोलैंड से यही अपील की है कि अगर मॉस्को बिना शर्त युद्धविराम को तैयार नहीं होता है



प्रदर्शनकारियों ने लीबिया के त्रिपोली में शहीद चौक पर अब्दुलहामिद अल-दबीबा के नेतृत्व वाली लीबिया की राष्ट्रीय एकता सरकार को उखाड़ फेंकने की मांग की।

# रुश्दी की आंख में चाकू मारने वाले को 25 साल की सजा

**न्यूयॉर्क, (ए.)।** दुनिया के मशहूर लेखक सलमान रुश्दी की आंख पर हमला करने वाले अपराधी हादी मतार को हत्या के प्रयास का दोषी मानते हुए न्यूयॉर्क की मेविल अदालत में जज डेविड फोले ने सजा सुनाई। रुश्दी पर हमला यहीं हुआ था। हादी को फरवरी में राज्य के कानूनों के तहत दोषी ठहराया गया था, और उस पर संघीय कानूनों के तहत अलग-अलग आतंकवाद के आरोप हैं। 27 वर्षीय मतार को भी सात साल की सजा मिली है जो मुख्य सजा के साथ-साथ चलेगी। चौटाउक्वा काउंटी के जिला अभियोजक जेसन शिमट ने सजा सुनाए जाने के बाद कहा, मैं जज द्वारा लगाई गई सजा से खुश हूं।

# पाक पीएम की हो रही किरकिरी- लोग कह रहे हैं शहबाज साहब हमें बेवकूफ मत

**इस्लामाबाद, (ए.)।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भाषणों को लेकर पूरे देश में चर्चा है। सेना के सम्मान में 'यौम-ए-तशक्कुर' (धन्यवाद दिवस) पर शहबाज ने जो बोला है उसको लेकर सोशल मीडिया पर खूब खिल्ली उड़ाई जा रही है। इस मौके पर शहबाज शरीफ ने दावा किया कि वह फज्र (सुबह की नमाज) के बाद स्विमिंग के लिए गए थे और अपने साथ एक 'सिक्योर फोन' ले गए थे, ताकि कोई जरूरी सूचना मिले तो तुरंत जवाब दिया जा सके उन्होंने कहा, 'मैं स्विमिंग कर रहा था, मेरे पास एक सिक्योर फोन था, और मैंने जिया को कहा कि जब घंटी बजे तो मुझे फौरन बताना और किस्मत की बात थी, वह घंटी बजीज तो जनरल असिम मुनीर लाइन पर थे, कहने लगे कि वजीर ए आजम (प्रधानमंत्री) बड़ा भरपूर हमने उनको जवाब दिया है और अब हमें सीजफायर करने की दरख्वास्त आ रही है तो आपका क्या ख्याल है मैंने कहा सिपहसालार



(सेना प्रमुख) इससे बड़ी इज्जत की क्या बात हो सकती है आपने दुश्मन को एक भरपूर थप्पड़ मारा है उसका सिर चकरा गया अब वह सीजफायर पर मजबूर है तो मैं सोचता हूं कि आप बिस्मिल्लाह करें और इस सीजफायर के ऑफर को कबूल करें।

अब जरा इस पूरे 'दृश्य' की कल्पना कीजिए देश युद्ध के मुहाने पर खड़ा है, सीमा पर गोलियां चल रही हैं, जवानों की जान जा रही हैज और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री सुबह की तैराकी का आनंद ले रहे हैं पीएम शहबाज का ये बयान सिर्फ हास्यास्पद नहीं, बल्कि देश की संप्रभुता, सैन्य रणनीति और राजनीतिक समझदारी की भी मजाक उड़ाता है दरअसल भारत सेना के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने साफ बताया है कि 10 मई को शाम 5 बजे से सीमा पार गोलीबारी और हवाई घुसपैठ बंद करने पर सहमति बनी, और यह प्रस्ताव खुद पाकिस्तानी डीजीएमओ की ओर से आया था इसके उलट, शहबाज शरीफ के बयान से ऐसा प्रतीत होता है कि सीजफायर का फैसला उनकी पहल पर



इजरायली हवाई हमलों के बाद उत्तरी गाजा पट्टी में अपने घरों से भागते फिलिस्तीनी सामान के साथ रास्ता बनाते हुए।

# 38 प्रतिशत भारतीय कर रहे प्रोसेस्ड फूड का

**न्यू जर्सी, (ए.)।** ग्लोबल फूड पॉलिसी रिपोर्ट 2024 के मुताबिक, 38 प्रतिशत भारतीय अब स्वास्थ्यवर्धक भोजन की बजाय प्रोसेस्ड फूड का सेवन कर रहे हैं। केवल 28 प्रतिशत लोग ही ऐसा भोजन कर रहे हैं जो उनके शरीर के लिए फायदेमंद है। भारत में प्रोसेस और जंक फूड का चलन तेजी से बढ़ रहा है, जो एक गंभीर स्वास्थ्य संकट की ओर संकेत करता है।

रिपोर्ट बताती है कि 16.6 प्रतिशत भारतीय आबादी कुपोषण से जूझ रही है, बावजूद इसके इस मुद्दे पर न तो कोई ठोस बहस हो रही है और न ही कोई कारगर नीति बनती दिख रही है। तेजी से बदलती जीवनशैली और विज्ञापनों की चकाचौंध ने लोगों को इंस्टैंट और प्रोसेस फूड की ओर आकर्षित किया है, जिससे दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ गया है। इस बीच अमेरिका में भी प्रोसेस फूड को लेकर एक नई बहस छिड़ गई है। बता दें कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डॉक्टर केसी मीन्स को अगला सर्जन जनरल नियुक्त करने की घोषणा की है। डॉक्टर मीन्स, जो कैनेडी जूनियर की करीबी मानी जाती हैं, ने इस अवसर पर एक वीडियो जारी कर अमेरिकी हेल्थ एजेंसियों की नीतियों पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि अमेरिका में स्वास्थ्य एजेंसियां असली सुधार की दिशा में काम नहीं कर रही हैं। डॉक्टर मीन्स ने यह भी स्वीकार किया कि उन्हें मेडिकल स्कूल में कभी यह नहीं सिखाया गया कि अल्ट्रा प्रोसेस फूड किस हद तक स्वास्थ्य के लिए जानलेवा हो सकता है।

उन्होंने एक रिसर्च का हवाला देते हुए बताया कि प्रोसेस फूड के नियमित सेवन से मौत का खतरा 18 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। साथ ही उन्होंने यह भी चिंता जताई कि अमेरिका में बच्चों के खानपान का लगभग 67 प्रतिशत हिस्सा प्रोसेस फूड से भर गया है। एक स्वतंत्र अध्ययन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि करीब 82 प्रतिशत लोग प्रोसेस फूड के चलते किसी न किसी बीमारी से ग्रस्त हैं, लेकिन मेडिकल एजुकेशन में इस खतरे की गंभीरता को आज भी नजरअंदाज किया जा रहा है।

# इजरायल ने हूतियों पर कर दी बमबारी, गाजा पर भी किया हमला

**तेल अवीव, (ए.)।** इजरायली वायुसेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले हुदैदा और सलीफ बंदरगाहों पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए इजरायल ने यह हमला ट्रंप के दौरे के बाद किया इजरायली सेना ने कहा कि ये बंदरगाह ईरान से हथियारों की तस्करी के लिए इस्तेमाल हो रहे थे हमलों में 15 लड़ाकू विमानों ने 35 बम का उपयोग कर बंदरगाहों को भारी नुकसान पहुंचाया सेना ने कहा कि ये बंदरगाह हूती आतंकियों की ओर से सैन्य गतिविधियों के लिए इस्तेमाल हो रहे थे, और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इजरायली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने हूती नेता अब्दुल-मलिक अल-हूती को चेतावनी दी कि यदि हमले जारी रहे तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

वहीं इजरायली सेना ने गाजा पट्टी में 'गिदोन चैरियट्स' नामक एक बड़े सैन्य अभियान की शुरुआत की है, जिसका मकसद हमास को खत्म करना और बंधकों को रिहा कराना है इजरायली सेना ने गाजा पर जोरदार हवाई और जमीनी हमले किए, जिसमें कई महत्वपूर्ण इलाकों पर कब्जा किया गया सेना ने कहा कि यह अभियान इजरायली नागरिकों की सुरक्षा और युद्ध के सभी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए जारी रहेगा इस हमले में दक्षिणी गाजा के खान यूनिस और उत्तरी गाजा के जबालिया जैसे इलाकों में भारी बमबारी हुई, जिसमें 100 से अधिक लोग मारे गए। यह अभियान तब शुरू हुआ,



जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में मिडिल ईस्ट का दौरा पूरा किया था, लेकिन गाजा में युद्धविराम को लेकर कोई समझौता नहीं हुआ ट्रंप ने गाजा को 'फ्रीडम जोन' बनाने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास को खत्म करने और गाजा के अधिकांश लोगों को दक्षिणी हिस्से में बसाने पर जोर दिया नेतन्याहू ने कहा कि वे गाजा को हमास के नियंत्रण से मुक्त करके ही रहेंगे।

**53 हजार से अधिक की मौत**

फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा में इजरायली सैन्य कार्रवाइयों में अब तक 53,000 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं यह युद्ध 7 अक्टूबर, 2023 को हमास के इजरायल पर हमले के बाद शुरू हुआ था, जिसमें 1,200 लोग मारे गए और 251 लोग बंधक बनाए गए थे यह हमला इजरायल के इतिहास में सबसे घातक आतंकी हमला माना जाता है। खबर है कि ट्रंप प्रशासन गाजा से करीब 10 लाख फिलिस्तीनियों को लीबिया में बसाने की योजना पर विचार कर रहा है।

# अमेरिका ने ईरान के अवैध तेल पर लगाया प्रतिबंध, उधर तिलमिला उठा चीन

**तेहरान, (ए.)।** अमेरिका ने ईरान के अवैध तेल व्यापार पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस प्रतिबंध के कारण करीब दो दर्जन कंपनियों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस निर्णय से तिलमिलाए चीन ने आलोचना शुरु की तो ट्रंप प्रशासन ने साफ कर दिया कि अस्थिरता रोकने के लिए ये प्रतिबंध बेहद जरुरी थे। अमेरिकी वित्त विभाग ने हाल ही में 20 से अधिक कंपनियों पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं, जिन पर आरोप है कि उन्होंने अरबों डॉलर की कीमत वाले ईरानी कच्चे तेल को चीन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई यह कार्रवाई ईरान के तेल निर्यात को रोकने और तेहरान पर आर्थिक दबाव बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है ट्रंप प्रशासन के अनुसार ईरान धन का इस्तेमाल क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए कर रहा है। चीन ने इन अमेरिकी प्रतिबंधों की कड़ी आलोचना की है बीजिंग का कहना है कि वाशिंगटन ने अपने अधिकार क्षेत्र का अवैध रूप से विस्तार किया है, जो वैश्विक व्यापार के मानदंडों को कमजोर करता है चीनी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ये प्रतिबंध न केवल ईरान और चीन के बीच वैध व्यापारिक संबंधों को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अनावश्यक अस्थिरता भी पैदा करते हैं हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि चीन के लिए इन प्रतिबंधों का जवाब देना आसान नहीं होगा, क्योंकि वह अपनी अर्थव्यवस्था के लिए अमेरिकी वित्तीय प्रणाली पर निर्भर है। ये प्रतिबंध उन समूहों को टार्गेट करते हैं जो ईरान के कथित अवैध तेल व्यापार में शामिल हैं, जिसमें हांगकांग के कई बैंक शामिल हैं, जिन्हें सेपहर एनर्जी की फ्रंट कंपनियों के रूप में आरोपित किया गया है सेपहर एनर्जी ईरान के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ का एक वाणिज्यिक सहयोगी है सेपहर एनर्जी ईरान के सैन्य तंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है इसके जरिए तेल से मिलने वाले धन का इस्तेमाल बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों, ड्रोन डेवलपमेंट, और क्षेत्रीय आतंकवादी समूहों, जैसे यमन के हूती विद्रोहियों, की फंडिंग के लिए किया जाता है हांगकांग के बैंकों ने कथित तौर पर चीनी स्वतंत्र रिफाइनरियों, जिन्हें 'टीपॉट्स' के नाम से जाना जाता है।

## विशेष खबरें

### सेंट लुइस में बवंडर और भीषण तूफान से पांच लोगों की मौत

**वाशिंगटन, (ए.)।** अमेरिका के सेंट लुइस में बवंडर और भीषण तूफान के कारण करीब पांच लोगों की मौत हो गई तथा फंसे हुए या घायल लोगों का पता लगाने के लिए अभियान जारी है। तूफान के कारण इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई, पेड़ एवं बिजली के तार और खंभे गिर गए। अधिकारियों ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। सेंट लुइस की मेयर कैरा स्पेंसर ने पांच लोगों की मौत होने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि तूफान और बवंडर के कारण पांच हजार से अधिक मकान प्रभावित हुए तथा लगभग एक लाख लोगों को बिना बिजली के रहना पड़ा। स्पेंसर ने कहा, ''यह वाकई विनाशकारी है।

उन्होंने कहा कि शहर में आपात स्थिति घोषित करने की प्रक्रिया जारी है और जिन इलाकों में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है वहां रातभर का कर्फ्यू लागू है। घायलों की संख्या का तत्काल पता नहीं चल पाया है। अस्पताल की प्रवक्ता लॉरा हाई के अनुसार, अस्पताल में तूफान के कारण घायल हुए 20 से 30 लोगों को भर्ती कराया गया, जिसमें से कुछ की हालत गंभीर है, जबकि अधिकांश को रात तक छुट्टी मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि 'सेंट लुइस चिल्ड्रेंस हॉस्पिटल में 15 मरीज भर्ती हुए हैं। 'नेशनल वेदर सर्विस ने संकेत दिया कि सेंट लुइस क्षेत्र मे मिसौरी के क्लेटन में अपराह्न दो बजकर 30 मिनट से दो बजकर 50 मिनट के बीच एक बवंडर आया।

### मेलोनी के स्वागत में घुटनों के बल बैठे अल्बानियां के प्रधानमंत्री एदी रामा

**मेलोनी का अनोखा स्वागत कर सोशल मीडिया पर चर्चा में आए अल्बानिया के प्रधानमंत्री**

**तिराना, (ए.)।** यूरोपियन पॉलिटिकल कम्युनिटी समिट के दौरान अल्बानिया की राजधानी तिराना में एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जो कि सभी की नजरों में आया। जब इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी सम्मेलन में भाग लेने तिराना पहुंचीं, तभी अल्बानिया के प्रधानमंत्री एदी रामा ने उनका स्वागत कुछ बेहद असाधारण अंदाज में किया। मेलोनी जैसे ही रेड कार्पेट पर आगे बढ़ीं, रामा ने उनके सामने घुटनों पर झुककर हाथ जोड़कर अभिवादन किया। यह क्षण कैमरों में कैद हो गया और कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा।

इस अनोखे स्वागत को लेकर सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाएं की बाढ़ आ गई हैं। कुछ लोग महिला नेतृत्व के प्रति सम्मान बता रहे हैं, जबकि कुछ ने राजनीतिक ड्रामा करार दिया। मेलोनी और रामा के बीच लंबे समय से अच्छे राजनयिक रिश्ते हैं। दोनों देशों ने हाल ही में कई द्विपक्षीय समझौतों पर काम किया है, जिसमें प्रवास, व्यापार और सुरक्षा के मुद्दे शामिल हैं।

### फिर लौट रहा कोविड, हांगकांग और सिंगापुर में आ रही मामलों में तेजी

**हांगकांग, (ए.)।** एक बार फिर घातक वायरस कोविड-19 के मामले एशिया के कई हिस्सों में एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर जैसे वित्तीय केंद्रों में संक्रमण में तेज वृद्धि देखी गई है, जबकि चीन और थाईलैंड की स्वास्थ्य एजेंसियां भी वायरस के उभार से जूझ रही हैं। पहले के अपेक्षाकृत स्थिरता वाले दौर के बावजूद वायरस की लहर ऐसे मौसम में देखी जा रही है जब आमतौर पर सांस संबंधी वायरस कम हो जाते हैं।हॉन्गकॉन्ग के मशहूर गायक ईसन चान कोविड-19 से संक्रमित पाए गए हैं, जिसके कारण ताइवान में उनके संगीत कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है। मनोरंजन जगत की जानी-मानी हस्ती के कोविड संक्रमण की चपेट में आने के कारण भी लोगों का ध्यान इस तरफ गया है।सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्रालय ने 3 मई को खत्म सप्ताह में कोविड-19 के मामलों में 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जिसमें संक्रमण कि अनुमानित मामले बढ़कर 14,200 हो गए हैं। वायरस के कारण अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या में भी लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि अधिकारियों ने वायरस के प्रसार का कारण लोगों में कम होती प्रतिरोधक क्षमता को बताया है। चीन के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र ने भी बताया कि 4 मई तक के पांच हफ्तों में अस्पतालों में कोविड जांच के पॉजिटिव रहने की दर दोगुनी से अधिक हो गई है।

### प्रेमिका का वाई-फाई होटल से हुआ कनेक्ट, प्रेमी ने तोड़ दिया रिश्ता

**-जांच के बाद पता चली सच्चाई, तब तक सब कुछ हो गया खत्म**

**बीजिंग, (ए.)।** तकनीक की वजह से रिश्ते बिगड़ने का मामला सामने आया है। चीन में एक लड़की को उसके प्रेमी ने छोड़ दिया वजह थी उसका फोन अपने आप होटल के वाई-फाई से कनेक्ट हो गया। युवती का कहना था कि वह इस जगह पर पहले कभी नहीं गई थी। लड़की का सरनेम ली है। मई की छुट्टी के दौरान वह अपने प्रेमी के साथ चोंगकिंग के एक होटल में रहती थी, जहां यह घटना घटी। चेक-इन के दौरान ली को मालूम हुआ कि वह अपना फिजिकल आईडी भूल गई। इसके बाद उसने अपना डिजिटल पहचान पत्र निकालने की कोशिश की। तभी उसका फोन तुरंत होटल के वाई-फाई नेटवर्क से कनेक्ट हो गया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ली के प्रेमी ने यह देख लिया और उसे शक हो गया। वह सोचने लगा कि आखिर उसका फोन उस होटल के नेटवर्क से कैसे कनेक्ट हो गया, जहां वे दोनों पहली बार आए थे। प्रेमी इसे लेकर ली से सवाल करने लगा। ली ने जोर देकर कहा कि वह पहले कभी वहां नहीं आई और उसे नहीं पता कि उसका फोन अपने आप कैसे जुड़ गया। हालांकि, वह अपने बॉयफ्रेंड को समझाने में नाकाम रही और आखिरकार उनके रिश्ते में दरार आ गई और रिश्ता टूट गया।

ली अपने प्रेमी के व्यवहार को लेकर परेशान हो गई। उसने यह समझने का फैसला किया कि आखिर ऐसा कैसे हुआ। गहराई से जांच करने पर पता चला कि कुछ समय पहले उसने चोंगकिंग के एक दूसरे होटल में काम किया था, जहां वही वाई-फाई यूजर नेम और पासवर्ड इस्तेमाल होता था। यह जानने के बाद ली ने तुरंत अपने पूर्व प्रेमी से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन वह उसे ब्लॉक कर चुका था। ऐसी स्थिति में उसने चोंगकिंग टीवी से संपर्क किया और सार्वजनिक तौर पर अपनी बात रखने का मन बनाया। ली का कहना था कि जो कुछ भी हुआ, वह बस सच सबके सामने रखना चाहती है। इस घटना से पता चला है कि तकनीकी गड़बड़ियां रिश्तों में दरार भी डाल सकती हैं इसलिए सोच समझकर फैसला लें बिना जांच पड़ताल के किसी पर शक न करें।

# स्कूली एवं यात्री वाहनों की जाँच के लिये विशेष मुहिम जारी

## मुहिम के पाँचवे दिन 10 वाहनों से वसूला 68 हजार रुपए से अधिक जुर्माना, अब तक 61 वाहनों से वसूला गया 3.51 लाख से अधिक जुर्माना और 16 वाहन जब्त किए




**ग्वालियर।** बगैर परमिट व फिटनेस के चल रहे वाहनों के खिलाफ चलाई जा रही विशेष मुहिम जारी है। मुहिम के पाँचवे दिन यानि शनिवार को राजस्व, यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा डिजिट नम्बर प्लेट न पाए जाने पर 10 यात्री / स्कूली वाहनों से 68 हजार 418 रूपए का जुर्माना वसूला गया। साथ ही बगैर फिटनेस व परमिट के चलते मिले दो यात्री बस जब्त कर पुलिस की अभिरक्षा में रखवाए गए हैं। जिले में पिछले पाँच दिनों से जारी इस मुहिम के तहत अब तक 61 वाहनों से 3 लाख 51 हजार रूपए से अधिक जुर्माना वसूला जा चुका है। साथ ही बगैर फिटनेस व परमिट के मिले 16 वाहन जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में खड़े कराए गए हैं। इन वाहनों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के तहत भी कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। शनिवार को संयुक्त टीम ने ग्वालियर शहर में गोला का मंदिर चौराहा व सूर्य नमस्कार तिराहा पर चैकिंग प्वॉइंट लगाकर वाहनों की जाँच की। इस संयुक्त टीम में तहसीलदार श्री कुलदीप दुबे, नायब तहसीलदार श्री संजय अगरैया व श्री प्रदीप महकाली तथा यातायात प्रभारी पूर्व क्षेत्र श्री अभिषेक रघुवंशी व परिवहन निरीक्षक श्री प्रवीण नाहर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने बगैर परमिट व फिटनेस के चल रहे वाहनों के खिलाफ यह मुहिम लगातार जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को थाना हजीरा पुलिस ने चम्पारण बिहार से किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) द्वारा ग्वालियर जिले के समस्त थाना प्रभारियों को लंबित महिला संबंधी अपराधों के शीध्र निकाल कर फरार आरोपियों को पकड़ने हेतु निर्देषित किया गया। इसी तारतम्य में अति0 पुलिस अधीक्षक (पूर्व/यातायात/अपराध) श्री कृष्ण लालचंदानी,भापुसे द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र के महिला संबंधी अपराधों का त्वरित निकाल कर आरोपियों को पकड़ने हेतु निर्देषित किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषानुसार सीएसपी महाराजपुरा श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार के कुषल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हजीरा निरीक्षक षिवमंगल सिंह सेंगर द्वारा थाना बल की एक टीम को थाना के अप0क्र0-165/25 धारा 64,332(बी),351(3) बीएनएस के प्रकरण में फरार आरोपी को पकड़ने हेतु लगाया गया। दौराने विवेचना पुलिस टीम को तकनीकी सहायता के आधार पर ज्ञात हुआ कि उक्त प्रकरण का आरोपी पष्चिमी चम्पारण बिहार में छिपा हुआ है। जिस पर से पुलिस टीम को चम्पारण बिहार रवाना किया गया। दिनांक 15.05.2025 को पुलिस टीम ने उक्त आरोपी की तलाष उसके निवास ग्राम रायवाडी महूआबा में की गई तो एक व्यक्ति घर पर उपस्थित मिला, जिससे नाम पता पूछने पर उसने स्वयं को ग्राम रायवाडी महआबा थाना चौतरवा जिला पश्चिमी चम्पारण बिहार का रहने वाला बताया। पकड़े गये आरोपी से थाना हजीरा के अपराध सदर में पूछताछ की गई तो उसके द्वारा उक्त अपराध करना स्वीकार किया। जिस पर से पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपी को हिरासत में लेकर ग्वालियर लाया गया। उक्त आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेष किया गया जहॉ से उसे केंद्रीय जेल ग्वालियर भेजा गया है।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-** दिनांक 28.04.2025 को फरियादिया खुषबू(परिवर्तित नाम) निवासी हजीरा ग्वालियर ने थाना हजीरा में रिपोर्ट लेख कराई कि वह शादियों में इवेंट का काम करती है, काम के दौरान ही करीबन डेढ साल पहले चम्पारण बिहार हाल गोले का मंदिर ग्वालियर निवासी एक व्यक्ति से झांसी के एक शादी इवेन्ट मे मुलाकात हुई थी। हम एक दूसरे से फोन पर बातचीत करते थे।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**No. JHS/W/LC/JHS/01** **Date: 17.05.2025**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की आंतरी-संदलपुर तीसरी लाइन स्थित रेलवे समपार फाटक संख्या 407A (रेलवे किमी 1204/34A - 36A) को बैलास्ट क्लीनिंग मशीन कार्य हेतु दिनाँक 18.05.2025 प्रातः 06 बजे से दिनाँक 27.05.2025 समय 18 बजे तक अर्थात् शाम छः बजे तक अस्थायी तौर पर बंद किया जा रहा है। इस दौरान वैकल्पिक मार्ग के रूप में L.H.S 407A (1204A/34A-36A) अथवा आंतरी-संदलपुर तीसरी लाईन स्थित समपार फाटक 407B कि0मी0 संख्या 1205A/6A-8A का उपयोग किया जा सकता है।

858/25 (AS) — Sr. DEN (N) NCR-Jhansi

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR


# औषधि विभाग की टीम ने की मेडीकल स्टोर्स की जाँच

## तीन दिन में रिकॉर्ड प्रस्तुत करने के दिए निर्देश, 6 सेम्पल राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए



**ग्वालियर।** जिला औषधि विभाग के अधिकारियों ने दवा दुकानों का निरीक्षण कर दवाओं के रख-रखाव, एक्सपायरी दवाओं का प्रबंधन, स्टॉक आदि की जाँच की। औषधि निरीक्षक सुश्री अनुभूति शर्मा ने हजीरा क्षेत्र में संचालित श्याम मेडीकल स्टोर, नीखरा मेडीकल स्टोर, राठौर मेडीकल स्टोर एवं शीतला मेडीकल स्टोर का निरीक्षण कर दवाओं का रिकॉर्ड एवं अन्य दस्तावेजों की जांच की। उन्होंने सभी मेडीकल स्टोरों को सोमवार तक क्रय-विक्रय का रिकॉर्ड कार्यालयों में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर जिले में औषधि विभाग द्वारा मेडीकल स्टोर की जाँच का अभियान चलाया जा रहा है। जाँच के दौरान गर्मी के मौसम को देखते हुए इंजेक्टेबल व वैक्सीन को फ्रिज में रखने के निर्देश दिए गए हैं। शीतला मेडीकल स्टोर के संचालक द्वारा रिकॉर्ड प्रस्तुत न कर पाने पर क्रय-विक्रय पर आगामी आदेश तक रोक लगाई गई है। निरीक्षण के दौरान औषधि निरीक्षक द्वारा सिविल अस्पताल हजीरा के शासकीय दवा भण्डार के दवाओं के सेम्पल लिए गए हैं, जिनमें दर्द निवारक दवाएं, मल्टी विटामिन सीरप, एंटी बॉडी कैप्सूल, एंटी सेप्टिक एवं दर्द निवारक जैल के 6 सेम्पल लिए गए हैं। सभी सेम्पलों को राज्य औषधि प्रयोगशाला में गुणवत्ता परीक्षण के लिये भेजा गया है। जाँच से यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि दवा कंपनियों द्वारा शासकीय अस्पतालों में मरीजों को गुणवत्तापूर्वक दवायें उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# जलविहार तालाब एवं फूलबाग बावड़ी के जीर्णोद्धार कार्य का अभियान 18 मई को

## कलेक्टर श्रीमती चौहान के नेतृत्व में जनभागीदारी के माध्यम से किया जायेगा यह कार्य

**ग्वालियर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सम्पूर्ण प्रदेश में जल संरचनाओं को संरक्षित करने और जल संवर्धन के लिये कार्य किए जा रहे हैं। ग्वालियर जिले में भी पुरानी जल संरचनाओं की साफ-सफाई और बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। ग्वालियर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में पुरानी जल संरचनाओं के साथ-साथ नई जल संरचनाओं को संवारने का कार्य हाथ में लिया गया है। ग्वालियर शहर के फूलबाग में स्थित पुरानी बावड़ी के जीर्णोद्धार और जल विहार स्थित तालाब की साफ-सफाई और संधारण का कार्य रविवार 18 मई को प्रातः 6.30 बजे से प्रारंभ किया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के नेतृत्व में जिला प्रशासन, नगर निगम सहित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और पर्यावरण प्रेमियों की उपस्थिति में यह कार्य प्रारंभ होगा। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने शहर के तालाबों, ऐतिहासिक बावड़ियों के संरक्षण का कार्य करने हेतु विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं। नगर निगम ग्वालियर के माध्यम से फूलबाग स्थित ऐतिहासिक बावड़ी के जीर्णोद्धार, जल विहार स्थित जल संरचनाओं को स्वच्छ करने का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्वालियर शहर की ऐतिहासिक बावड़ियों को भी चिन्हित कर उनके संरक्षण का कार्य हाथ में लिया गया है। जिला प्रशासन, नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी के माध्यम से इन बावड़ियों के जीर्णोद्धार का कार्य जन भागीदारी के माध्यम से किया जा रहा है।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने शहर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं और पर्यावरण प्रेमियों से भी आग्रह किया है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरचनाओं के संरक्षण और संवर्धन के जो कार्य किए जा रहे हैं उनमें अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाएं और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें।

# वार्ड 63 में बिना अनुमति विकसित की जा रही कॉलोनी पर चला बुलडोजर



**ग्वालियर।** वार्ड 63 के अंतर्गत ग्राम अकबरपुर क्षेत्र में नगर निगम की अनुमति बिना विकसित की जा रही कॉलोनी में आज शनिवार को जिला प्रशासन एवं नगर निगम ग्वालियर के अमले द्वारा कार्रवाई की गई तथा कॉलोनी में विकसित अधोसंरचना को हटाया गया। भवन अधिकारी श्री राजीव सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज दिनांक 17/5/2025 को ग्राम अकबरपुर के सर्वे क्रमांक 405/2 पर श्री रामधुन पुत्र श्री बहादुर सिंह आदि के द्वारा 0.3192 हेक्टेयर भूमि पर अवैध रूप से कॉलोनी विकास कार्य किया जा रहा था । जिसकी नगर निगम द्वारा कोई भी विकास अनुज्ञा प्राप्त नहीं की गई थी ,उक्त कालोनी मे किए गए अवैध सड़क ,विद्युत पोल वाटर सीवर लाइन आदि कार्य के विरुद्ध मौके पर कार्यवाही की गई । उक्त कार्रवाई में नगर निवेशक श्री अजय पाल सिंह जादौन , तहसीलदार श्री विजय शर्मा ,मदाखलत अधिकारी श्री शैलेंद्र सिंह चौहान ,भवन निरीक्षक श्री अजय शर्मा क्षेत्रीय कार्यालय का स्टाफ एवं पुरानी छावनी थाना पुलिस बल उपस्थित था।

# थाना डबरा सिटी पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को पकड़कर उससे चोरी के 01 मोटर सायकिल की जप्त

**ग्वालियर।** दिनांक 17.05.2025 - वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) के निर्देश पर ग्वालियर जिले में वाहन चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर वाहन चोरों की धरपकड़ हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त निर्देषों के तारतम्य में अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (ग्रामीण) श्री निरंजन शर्मा द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में चोरी गये वाहनों की बरामदगी कर चोरों को पकड़ने हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने के निर्देष दिये गये। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में एसडीओपी डबरा श्री जितेन्द्र नगाइच के कुषल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डबरा सिटी निरीक्षक यषवंत गोयल के द्वारा थाना बल की टीम को वाहन चोरों की पतारसी कर कार्यवाही करने हेतु लगाया गया। पुलिस टीम द्वारा थाना डबरा सिटी क्षेत्र में दिनांक 07.05.2025 को देवधनी ट्रेडर्स के बाहर से चोरी गई मोटरसाईकिल के सीसीटीव्ही फुटेज प्राप्त कर संदेही की तलाश हेतु घटना स्थल के आसपास के लगभग एक सैकड़ा से अधिक सीसीटीव्ही कैमरे चेक किये गये और संदिग्ध को चिन्हित कर मुखबिर तंत्र को सक्रिया किया गया। दौराने विवेचना पुलिस टीम को जरिए मुखबिर दिनांक 17.05.2025 को सूचना प्राप्त हुई कि उक्त घटना कारित करने वाला संदेही की हुलिया का व्यक्ति हाईवे के पास डबरा मय चोरी की मोटरसाईकिल के देखा गया है। जिस पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए हाईवे के पास डबरा से संदिग्ध को धरदबोचा। पूछताछ करने पर उसने महराई थाना डबरा कर रहने वाला बताया। उसके पास मिली मोटर साइकिल के संबंध में पूछताछ करने पर उसने दिनांक 07.05.2025 को देवधनी ट्रेडर्स के बाहर से चोरी करना स्वीकार किया। पकड़े गये वाहन चोर को पुलिस ने थाना डबरा शहर के अपराध क्रमांक 324/2025 धारा 303(2) बीएनएस में विधिवत गिरफ्तार कर चोरी की मोटर साइकिल को जप्त किया जाकर क्षेत्र में हुई अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है। **बरामद वाहनः-** एक हीरो स्पलेण्डर मोटरसाईकिल काले रंग की कीमती करीबन 50,000/- रुपये। **सराहनीय भूमिकाः-** थाना प्रभारी डबरा शहर निरी0 यशवंत गोयल, प्र.आर रामवरन सिंह लोधी, प्र. आर0 शैलेन्द्र दीक्षित, आर. गौरव यादव, आर. शिवम पाल, आर. धीरेन्द्र शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।



# जन अभियान परिषद जौरा के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब गहरीकरण का कार्य किया




**मुरैना,कांस।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद मुरैना के जिला समन्वयक श्री सतीश सिंह तोमर एवं ब्लॉक समन्वयक जौरा श्री बीडी शर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उम्मेदगढ़ बांसी के द्वारा ग्राम उम्मेदगढ़ वांसी में यह कार्यक्रम का आयोजन किया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री सतीश सिंह तोमर ने बताया कि जल संरक्षण तालाब एक रणनीतिक अनुकूलन अभ्यास साबित होते हैं, जो मानसून के दौरान वर्षा जल को इकट्ठा करते हैं और भूजल भंडार को फिर से भरते हैं, साथ ही भूस्खलन ढलानों से अत्यधिक कटाव और सतह के अपवाह को रोकते हैं। जौरा के ब्लॉक समन्वयक श्री बीडी शर्मा ने ग्राम वासियों से चर्चा करते हुए कहा कि तालाब गहरीकरण जल संरक्षण का एक महत्वपूर्ण तरीका है। इससे तालाब की जल धारण क्षमता बढ़ती है, जिससे अधिक पानी जमा हो सकता है और भूजल स्तर भी ऊपर उठ सकता है। यह सिंचाई और पीने के पानी की आपूर्ति में मदद करता है, तालाबों का गहरीकरण जन सहभागिता से भी किया जा सकता है। नवांकुर समिति सचिव श्री विष्णु सिंह तोमर ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहीं सभी गतिविधियों और कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में सहायक प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी श्री हरेंद्र सिंह तोमर, नवांकुर समिति से कैलाश शर्मा, विष्णु सिंह तोमर, परीक्षित शर्मा, अलकेश राठौर, जितेंद्र शर्मा, परामर्शदाता प्रशांत शर्मा, शिवानी शर्मा, जया बागड़े, श्रीकुमार शर्मा, विनोद शर्मा, विकाश सिंह तोमर, धनेश कुमार शर्मा, बलिराम, प्रिया तोमर आदि छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# सांदीपनि सी एम राइज मे समर कैंप का हुआ समापन



(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** सांदीपनि सी एम राइज विद्यालय में समर कैंप का समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बी ई ओ पीएल शर्मा विशिष्ट अतिथि क्रीड़ा प्रभारी वीरभान सिंह जादौन एवं बालक बालिकाओं के पालक समारोह में शामिल हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य ब्रह्मानंद शर्मा ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वल कर की,उसके बाद बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा इंग्लिश स्पीकिंग में भी बच्चों ने प्रस्तुति दी। इस अवसर पर बी ई ओ शर्मा ने अपने उद्बबोधन में समर कैंप से बच्चों मे जो विकाश होगा उससे अवगत कराया तथा प्राचार्य एवं प्रशिक्षकों को सफल समर कैंप संचालन की बधाई दी प्रशिक्षकों द्वारा तीन थीम्स मे बच्चो को पारंपरिक नृत्य गायन वादन खेलकूद योग समर कैंप के माध्यम से उनका प्रशिक्षण प्रतिदिन दिया गया अतिथियों ने समर कैंप में शामिल बालक बालिकाओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किये इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य धर्मेंद्र सिंह जादौन मिडिल स्कूल प्रभारी, देवेंद्र शर्मा, प्राथमिक स्कूल प्रभारी लोकेन्द्र गुप्ता, दुर्गाकांत गर्ग परसादी मीणा, रवि बंसल, शिव कुमार यादव, राकेश हरदेनिया मंच संचालन संतोषी लाल सिंघल ने किया।

# अग्रवाल सेवा सदन मुरैना में लगेगा आज निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर।

**मुरैना,कांस।** अग्रवाल महासभा मुरैना के द्वारा एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन अग्रवाल सेवा सदन टी आर पुरम मुरैना पर आज सुबह आठ बजे से दोपहर 2.30 बजे तक किया जा रहा है। कार्यकम संयोजक श्रीमती शशि अग्रवाल अध्यक्ष अग्रवाल महिला मण्डल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ती में बताया कि स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन स्व. श्रीमती शीलादेवी गर्ग पत्नी रमेश गर्ग मुख्य संरक्षक अग्रवाल महासभा की पावन स्मृति में डॉ.आनन्द बंसल बी आई एम आर हॉस्पीटल्स ग्वालियर के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस शिविर में डॉ. आनन्द बंसल के नेतृत्व में बिरला हॉस्पीटल के बरिष्ट चिकित्सकों के द्वारा समस्त रोगों का परीक्षण कर उपचार किया जावेगा। साथ ही शिविर में चयनित मरीजों के आंखों के आपरेशन बी.आई.एम.आर. हॉस्पीटल्स ग्वालियर में किये जायेंगे। जिन मरीजों ने अपने पंजीयन नहीं करा पाए हैं उनके पंजीयन अग्रवाल सेवा सदन पर ही किये जायेंगे। मरीजों के लाने व ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था अग्रवाल महासभा के द्वारा की गई है जिससे मरीजों को आने जाने में परेशानी का सामना न करना पडे। साथ ही साथ जिला चिकित्सालय के सहयोग से आयुष्मान कार्ड भी बनाऐ जावेंगे।अधिक जानकारी के लिए जयप्रकाश गुप्ता मो.नं. 7000979972 पर संपर्क स्थापित कर सकते हैं। चिकित्सा शिविर के संदर्भ में समाज के वरिष्ट समाजबंधुओं के साथ बैठक का आयोजन अग्रवाल सेवासदन टी आर पुरम मुरैना पर किया गया जिसमें मुख्य रूप से अग्रवाल महासभा के मुख्य संरक्षक रमेश गर्ग उपस्थित थे। इन सभी के साथ मिलकर इस चिकित्सा शिविर को सफल बनाने के लिए कई प्रकार के महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये जिससे आम जनता को इसका भरपूर लाभ मिल सके।

# संजीवनी हॉस्पिटल पर रविवार को सुबह 10:00 से 2:00 तक लगेगा निशुल्क चिकित्सा शिविर।

**मुरैना,कांस।** ग्वालियर के जाने माने प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ दुष्यंत देव DM (Cardiology) के द्वारा बीपी, हार्ट अटैक, हृदय की वाल्व संबंधित रोग, छाती में दर्द, पसीना आना, घबराहट होना, चक्कर आना आदि रोगों के मरीजों को परामर्श दिया जाएगा। डॉ जितेंद्र यादव MS (Gen Surgery) के द्वारा पेट दर्द, पित्त की थैली में पथरी, किडनी तथा पेशाब की नली में पथरी, अपेंडिक्स, हर्निया, हाइड्रोसील, अंडकोष में सूजन, छाती व शरीर के अन्य किसी हिस्से में गठान आदि रोगों के मरीजों को परामर्श दिया जाएगा। शिविर में बीपी, शुगर, बीएमडी, खून, पेशाब की जांच, ईसीजी दिल की जांच निःशुल्क की जाएगी।

व दवाइयां का वितरण भी निःशुल्क किया जाएगा। पंजीयन के लिए संपर्क करें 9755625501






# भारत विकास परिषद का बाल संस्कार शिविर का आयोजन




**मुरैना,कांस।** सातवां दिवस सर्व प्रथम गीता अध्ययन,योग , व्यायाम,,राष्ट्रीय गीत, वक्तव्य ,ताइकांडो ,आर्ट एड क्राफ्ट, संगीत गायन, नृत्य का अभ्यास कराया गया। इस कार्यक्रम का संचालन श्रीमान आसाराम प्रजापति जी के द्वारा किया गया। आज के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री प्रशांत आचार्य जी द्वारा बच्चों को इस संस्कृत श्लोक (अभिवादन शीलस्य नित्यं वृद्धोंपसेविन चत्वारी तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशो बलम)। के द्वारा संस्कार से लेकर कैसे हमें आयु ,विद्या, यश और बल प्राप्त हो।यह सभी बाते हमारे शिविर में आए भईया बहनों को बताई। आज के दिन बाल संस्कार शिविर में विजिट अतिथि के रूप में डॉ देवेंद्र तोमर (अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष, विश्व साहित्य सेवा संस्थान) एवं श्रीमान राकेश रुस्तम सिंह जी (संयोजक, सामाजिक समरसता मंच मुरैना) उपस्थित रहे। दोनों के द्वारा बच्चों का मार्गदर्शन किया गया। आज के इस सत्र में प्रांतीय अध्यक्ष अमित जैन, अध्यक्ष अर्चना शर्मा, सचिव रजनी गुप्ता, कोषाध्यक्ष वीणा मोदी, (महिला सहभागिता प्रमुख) शुभा कोठरी, अंजू त्रिवेदी, शिवानी शर्मा, (संस्कार प्रमुख) गौरव मोदी, आनंद त्रिवेदी, राज कुमार तोमर, ओम मोदानी, पवन शर्मा,अतुल महेश्वरी ( श्री जी), बालकृष्ण शर्मा, सौरव अग्रवाल, नीरज मोदी अन्य सदस्य उपस्थित रहे।




# मुख्यमंत्री ने स्वामी श्री रामभद्राचार्य को ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित होने पर दी बधाई

**भोपाल ब्यूरो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जगद्गुरु तुलसीपीठाधीश्वर रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य को ज्ञानपीठ पुरस्कार-2023 से सम्मानित होने पर बधाई दी। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए यह सम्मान स्वामी श्री रामभद्राचार्य को यह सम्मान प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संस्कृत के प्रकांड विद्वान स्वामी श्री रामभद्राचार्य द्वारा दृष्टिबाधित होने के बावजूद अंतर्मन के आलोक से वेद, उपनिषद एवं रामकथा की जो गूढ़ व्याख्या की गई है, वह भारत ही नहीं, वैश्विक साहित्य जगत के लिए अनुपम आध्यात्मिक धरोहर है। उन्होंने कहा कि भारतीय संत परंपरा के गौरव, श्रद्धेय संत पद्मविभूषित स्वामी श्री रामभद्राचार्य की संस्कृत साधना और तपस्वी जीवन की इस उपलब्धि से भावी पीढ़ियों को प्रेरणा मिलती रहेगी।

# उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा शहर में निर्माणाधीन विकास कार्यों की समीक्षा की



## समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के दिए निर्देश

**भोपाल ब्यूरो।**

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा शहर में निर्माणाधीन विकास कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा कराया जाए। आगामी 15 जून को जिला चिकित्सालय के विस्तार भवन एवं ओपीडी का संचालन शुरू किया जाए। राजनिवास सर्किट हाउस रीवा में समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पीआईयू द्वारा पुनर्घनत्वीकरण योजनान्तर्गत 65 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन विकास कार्यों को गति देकर शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने व्यंकट क्लब भवन और पीडब्ल्यूडी भवन का शेष निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए संबंधित निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया। उन्होंने कोल भवन की बाउन्ड्रीवाल सहित शेष निर्माण कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए। पीके स्कूल सांदीपनी विद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा की और दिसम्बर माह तक सांदीपनी विद्यालय का निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने ढेकहा तिराहा से करहिया मण्डी तक सड़क निर्माण कार्य को वर्षाकाल से पूर्व पूरा करने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा बायपास फोर लेन के निर्माण के लिए शेष अर्जित भूमि का अधिग्रहण कर निर्माण एजेंसी को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 19 किलोमीटर लंबाई का बायपास सर्विस रोड के साथ फोरलेन बन रहा है। इसके कार्य में व्यवधान न हो तथा यह कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो जाए। उप मुख्यमंत्री ने लायब्रेरी भवन सहित अन्य शासकीय भवनों के रूके हुए निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े सहित विभिन्न निर्माण विभाग के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाएं जीवन के हर कदम पर हमारी मार्गदर्शक :मुख्यमंत्री

## भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाएं जीवन के हर कदम पर हमारी मार्गदर्शक -मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने श्रीकृष्ण के जीवन-दर्शन को जोड़ा वर्तमान संदर्भों से

## मुख्यमंत्री रेनेसां यूनिवर्सिटी के 'कृष्ण तत्व' कार्यक्रम में हुए शामिल




**इन्दौर ब्यूरो।।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर की रेनेसां यूनिवर्सिटी में 'कृष्ण तत्व' विषयक सेमिनार में संबोधित करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का मटकी फोड़ना बाललीला नहीं, अत्याचारियों की रसद रोकने की रणनीति थी। मस्तक पर मोर-पंख धारण करना और प्रकृति से प्रेम करना उनके मानवीय पक्ष को दर्शाता है। सुदामा से मित्रता और कंस वध के बाद उग्रसेन को सिंहासन सौंपना न्याय और निष्ठा का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीकृष्ण के कर्मयोग, समत्व और न्याय के सिद्धांतों पर विशेष बल देते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का संदेश है कि छोटे से छोटा काम भी महत्व रखता है। उन्होंने जीवन भर अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किया और समानता का अधिकार सुनिश्चित किया। यही सिद्धांत हमारी शासन-नीति की प्रेरणा भी हैं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित गार्डन में हुए इस भव्य आयोजन में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, दर्शन और उपदेशों पर छात्रों को संबोधित करते हुए श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़ी घटनाओं को वर्तमान सामाजिक संदर्भों से जोड़कर उनकी प्रासंगिकता समझाई।

इंदौर की रेनेसां यूनिवर्सिटी में बुधवार रात आयोजित 'कृष्ण तत्व' विषयक सेमिनार में विश्वविद्यालय परिसर स्थित गार्डन में हुए इस भव्य आयोजन में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, दर्शन और उपदेशों पर आज के संदर्भ में संवाद हुआ।

# लंबित आवेदनो की समीक्षा

## सेम बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया से अवगत हुए

**विदिशा ब्यूरो।**

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में शनिवार को लंबित आवेदनो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। कलेक्टर श्री गुप्ता की पहल पर विदिशा जिले के कुपोषित 1449 सेम बच्चों को गोद लेने के लिए किए जा रहे नवाचारो की जानकारियां पीपीटी की माध्यम से सांझा की गई। इस दौरान बतलाया गया कि क्यूआर कोड से चिन्हित बच्चों को कोई भी व्यक्ति अधिकारी गोद ले सकता है इसके लिए तीन माह तक पोषण संजीवनी किट प्रदाय की जानी है। एक माह की किट की कीमत एक हजार रूपए है।




विदिशा जिले को कुपोषण से विमुक्त कराने के लिए की जा रही नवाचार पहल के तहत कलेक्टर ने स्वंय बच्चे को गोद लेने की शुरूआत की और इस दौरान बतलाया गया कि उम्र के हिसाब से बच्चों की ऊंचाई और वजन होना चाहिए इसमें कमी पाए जाने पर सेम और मेम दो प्रकार के कुपोषित बच्चो का चिन्हांकन किया जाता है। निश्चित आयु तक के कुपोषण होने से बच्चो के बौद्धिक और शारीरिक विकास में अवरूद्ध उत्पन्न हो जाते है और वे सामान्य बच्चों की तुलना में वे पीछे रह जाते है इसके लिए विशेष पोषण किट जिला प्रशासन की पहल पर तैयार कराई गई है जो कुपोषित बच्चों को महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा प्रदाय खाद्य सामग्रियों के अतिरिक्त होगी। इसी प्रकार एनआरसी में भर्ती होने वाले बच्चों के लिए मुहैया कराई जाने वाली सुविधा और पालको को योजनाओं के तहत प्रदाय की जाने वाली आर्थिक सहायता से अवगत कराया गया वहीं एनआरसी केन्द्रो में बच्चों को आवश्यक खिलौने भेंट करने के लिए अभिप्रेरित किया गया है।

# मंत्री ने बेतवा नदी की आरती की और स्वच्छ बनाए रखने का आह्वान किया

## जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने बेतवा नदी तटों की सफाई अभियान सहभागिता निभाई

**विदिशा ब्यूरो।**



जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट जी ने बेतवा नदी के बड़वाले घाट पर आरती की और साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश संप्रेषित किया है। इस अवसर पर विदिशा विधायक श्री मुकेश टंडन, कुरवाई विधायक श्री हरि सिंह सप्रे, बासौदा विधायक श्री हरि सिंह रघुवंशी कॉ-आपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारीगणों ने भी स्वच्छता संबंधी कार्यो में सहभागिता निभाई इस अवसर पर मीडियाकर्मी भी मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर केन्द्रीय संग्रहालय इंदौर में 18 मई को होंगे कई कार्यक्रम

## छायाचित्र प्रदर्शनी, म्यूजियम वॉक के साथ ही संग्रहालय के क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ठजनों का किया जायेगा सम्मान

## प्रदर्शनी एवं म्यूजियम वॉक 22 मई तक दर्शकों के लिये निःशुल्क रहेगी

**इन्दौरब्यूरो। ।** अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय मध्यप्रदेश के तत्वावधान में केन्द्रीय संग्रहालय इंदौर में छायाचित्र प्रदर्शनी, म्यूजियम वॉक व संग्रहालय के क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ठजनों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

विधायक श्री महेन्द्र हार्डिया के मुख्य आतिथ्य में केन्द्रीय संग्रहालय इंदौर में 18 मई को प्रातः 11 बजे विन्टेज इंदौर पर आधारित एक छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया जायेगा , जिसमें राजपरिवार के पोट्रेट, राजमहलों के चित्र, छत्री मंदिर, शासकीय भवन, धार्मिक चल समारोह, बाजार एवं सड़क, उद्योग एवं आधारभूत संरचनाऐं व महत्वपूर्ण व्यक्ति, चित्रों तथा राजा दीनदयाल व उनके द्वारा लिये गये छायाचित्रों को भी प्रदर्शित किया गया है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान जन आंदोलन बने- जल संसाधन मंत्री

## विदिशा के जम्बार तालाब में श्रमदान की आहुतियां दी

**विदिशा ब्यूरो।**



जैसी आपकी जल गंगा संवर्धन अभियान देश में आंदोलन के रूप में ख्याति हासिल कर रहा है प्रदेश जल शक्ति के रूप में उभर कर देश के नक्शे में स्थापित होगा उक्त आशा के विचार प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट में आज विदिशा में आयोजित कार्यक्रम में अभिव्यक्त किए हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम जम्बार के तालाब में आयोजित श्रमदान कार्यक्रम में सहभागिता निभाने से पहले जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कार्यक्रम का विधिवत्त शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी, विधायक सर्वश्री मुकेश टंडन, श्री हरि सिंह सप्रे, श्री हरि सिंह रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष श्री वीर सिंह और श्री श्याम सुंदर शर्मा श्री राकेश शर्मा ने भी सहभागिता निभाई है।

# कांग्रेस ने उपमुख्यमंत्री का पुतला फूंका

**ग्वालियर। कांस**



भारतीय सेना का अपमान किए जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने शनिवार को फूलबाग चैराहे पर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का पुतला फूंका है।


पुतला दहन के अवसर पर विधायक डॉ. सतीश सिंह सिकरवार एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा भारतीय सेना के प्रति कहे गए शब्द भाजपा की देश की सेना के प्रति अपनी मानसिकता को प्रदर्शित करते है, इतने महत्वपूर्ण संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा देश की सेना के प्रति इस तरह की बयानबाजी करना हमारे देश के गौरव, हमारी भारतीय सेना के सम्मान पर सीधा हमला है। इससे पहले भी बीजेपी के नेता जैसे मंत्री विजय शाह ने सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। क्या यही है बीजेपी का सेना के प्रति सम्मान? क्या यही है उनकी राष्ट्रभक्ति? उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा सेना के सम्मान में खड़ी रही है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा तुरंत अपने बयान के लिए सार्वजनिक माफी मांगें और मुख्यमंत्री मोहन यादव उन्हें तत्काल पद से बर्खास्त करें। पुतला दहन में कांग्रेस नेता सुनील शर्मा, प्रदेश सचिव राहुल शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता राम पांडे, धर्मेन्द्र शर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल, वीर सिंह तोमर, चतुर्भुज धनोलिया, संगठन मंत्री सुरेन्द्र यादव, जयराज चौहान, श्रीमती सीमा समाधिया, अवधेश कौरव, जेएच जाफरी, हमीद खां उस्मानी, बृजेश शुक्ला, राकेश अग्रवाल सहित अनेक कांग्रेसजन शामिल थे।

# हर हफ्ते दें निर्माण कार्य प्रगति की प्रोग्रेस रिपोर्ट : मंत्री श्री सारंग

## अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य की समीक्षा

## डिजाइनिंग और लेआउट पर जताई नाराजगी, सुधार के दिए निर्देश

**भोपाल ब्यूरो।**



खेल और युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने शनिवार को टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल में खेल और युवा कल्याण की बैठक में नाथू बरखेड़ा में निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के कार्य के प्रगति की समीक्षा की। मंत्री श्री सारंग ने फेज-द्वद्व में हो रहे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य की डिजाइनिंग और ले-आउट में और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने चिन्हित मल्टीलेवल पार्किंग के स्थान पर एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक बनाने एवं ओपन पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने हर हफ्ते निर्माण कार्य प्रगति की प्रोग्रेस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। बैठक में खेल संचालक श्री राकेश कुमार गुप्ता, संयुक्त संचालक श्री बी.एस. यादव, कांट्रेक्टर, कंसल्टेंट, आर्किटेक्ट, इंजीनियर्स, प्रोजेक्ट मैनेजर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डिजाइनिंग और ले-आउट में सुधार के बाद करें निर्माण कार्य

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के फेज-द्वद्व एवं फेज-द्वद्व में चल रहे निर्माण कार्य की डिजाइन और ले-आउट में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शीघ्र ही सभी आवश्यक सुधार के बाद तय समय-सीमा में निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मूलभूत सुविधाओं को करें सुनिश्चित

मंत्री श्री सारंग ने जल आपूर्ति एवं भंडारण की क्षमता, सीवेज, फायर सेफ्टी, सर्वर रुम, कैफेटेरिया, मीटिंग हॉल एवं साइनेज की व्यवस्था का प्रॉपर प्लॉन तैयार कर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि सभी बुनियादी सुविधाएं विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जा सकें इसके लिए विस्तृत प्लान भी तैयार किया जा रहा है।

## फेज-II में हो रहा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य

फेज-I में एथलेटिक्स स्टेडियम, हॉकी स्टेडियम, एथलेटिक्स प्रैक्टिस फील्ड एवं हॉकी प्रैक्टिस फील्ड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। फेज-II में मल्टी स्पोर्ट्स इंडोर स्टेडियम, एक्वाटिक्स सेंटर, फुटबाल हाई परफार्मेंस सेंटर, स्टॉफ एवं स्टुडेंट्स रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स एवं थ्री-डे प्रैक्टिस एंड इक्वेस्ट्रियन ट्रैक का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।